आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 323 • जबलपुर • मंगलवार, 27 दिसम्बर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • पौष शुक्ल पक्ष-4 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## होटल की तीसरी मंजिल से गिरा रूसी पर्यटक, मौत

**रायगढ़,ईएमएस।** ओडिशा के रायगढ़ से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आ आई हैं। भारत घूमने आए दो रूसी पर्यटकों की एक हफ्ते के अंदर मौत हो गई। एक होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद एक रूसी पर्यटक की मौत हो गई। वहीं इससे दो दिन पहले उसके एक दोस्त की उसी होटल में मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 65 वर्षीय पावेल एंथोम शनिवार को होटल के बाहर खून से लथपथ मिले थे।

## लालू के खिलाफ CBI ने फिर खोला केस

नई दिल्ली, ईएमएस। CBI ने लालू यादव के खिलाफ सालों से पेंडिंग पड़े एक केस को रीओपन किया है। CBI सूत्रों के मुताबिक, ये रेलवे प्रोजेक्ट्स के आवंटन में करप्शन से जुड़ा मामला है। UPA के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे प्रोजेक्टस के अलॉटमेंट में लालू पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। इस मामले में पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और 2 बेटियों को भी आरोपी बनाया गया है।

### देशभर में कोरोना से निपटने की तैयारियों पर मॉकड्रिल

# ऑक्सीजन सप्लाई और वेंटिलेटर को लेकर की गई तैयारियों का लिया जायजा

**नई दिल्ली, ईएमएस। भारत में कोरोना के बढ़ते खतरे के बीच आज देशभर के कोविड हेल्थ सेंटर्स पर मॉक ड्रिल शुरू हुई। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को मॉक ड्रिल की समीक्षा के लिए सफदरजंग अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों से बातचीत की। ऑक्सीजन सप्लाई और वेंटिलेटर को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया।**

मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमने कोरोना से सावधान रहने के लिए कहा है। कोरोना से निपटने के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है। देशभर में कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है, ताकि हम व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर सकें। वहीं दूसरी तरफ, दिल्ली सरकार ने कोरोना की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर रही है।




### मप्र में हालत चिंता जनक नहीं

मध्यप्रदेश में भी कोविड-19 पर आयोजित मॉक ड्रिल का स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के हालात चिंताजनक नहीं हैं, फिर भी हमें सतर्क रहना है। उन्होंने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है, लेकिन महामारी की बढ़ते प्रकोप की वजह से मैं जन्मदिन नहीं मनाऊंगा।

### भारत में विदेश के 15 पॉजिटिव मिले

भारत में आए 15 विदेशी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। बिहार के गया एयरपोर्ट पर थाईलैंड के 9, म्यांमार के एक और इंग्लैंड के एक यात्री की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर म्यांमार से आए 4 विदेशियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी के सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिए गए हैं।

### चौथे टीके की दरकार

सोमवार को आईएमए के साथ बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कोरोना टीकों के एक और अतिरिक्त डोज यानी चौथी खुराक की जरूरत बताई। जिन देशों में अभी कोरोना से हाहाकार मचा है, वहां टीकों की एक बूस्टर खुराक के बावजूद यह स्थिति बनी है। राज्यों ने जारी की एडवाइजरी, नए साल के जश्न के दौरान पालन करें ये नियम ए साल के जश्न को लेकर भी अब राज्यों ने सख्त गाइडलाइन जारी कर दी है और एडवाइजरी का पालन करने का निर्देश दिया है। न्यू ईयर पार्टी को लेकर कर्नाटक सरकार ने गाइडलाइन जारी की है, जिसके तहत रेस्तरां, पब, थिएटर हॉल, स्कूल और कॉलेज जैसी बंद जगहों के अंदर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं नए साल के जश्न की पार्टी रात में 1 बजे तक ही जारी रख सकते हैं। दिल्ली में भी कोरोना की स्थिति को लेकर सरकार काफी एक्शन में है। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सोमवार को एक बैठक की और ताजा स्थिति पर विचार किया।



## चीन 3 साल बाद खोलेगा बॉर्डर

### क्वारंटाइन और पीसीआर टेस्ट खत्म

**बीजिंग,एजेंसी।** चीन में 20 दिन में 25 करोड़ लोगों के कोविड-19 से संक्रमित होने की खबरें आ रही हैं लेकिन इसके बाद भी उसे कोविड बी ग्रेड बीमारी लग रही है। उस पर से चीनी सरकार का एक बड़ा फैसला हैरान करने वाला है। तीन साल बाद चीन ने तय किया है कि वह सभी सीमाओं को खोल देगा। आठ जनवरी से देश आने वाले लोगों के के लिए कोई क?वारंटाइन नहीं होगा। अधिकारियों की तरफ से इस बात की जानकारी मगलवार को दी गई है। जीरो कोविड पॉलिसी को मानने वाले चीन का यह फैसला सबको डरा रहा है। चीनी सरकार की मानें तो ऐसे लोग जो काम या स्टडी वीजा पर देश आ रहे हैं या फिर अपने परिवार वालों से मिलना चाहते हैं, उन्हें अब ज्यादा परेशानीं नहीं होगी।

**दुनिया के खिलाफ ड्रैगन की कौन सी साजिश?**

**कोविड के साथ बढ़ेगा आगे**

चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। अब उसने फैसला कर लिया है कि वह कोविड के साथ ही आगे बढ़ेगी। ऐसे में तीन साल के बाद लॉकडाउन हटाने, बॉर्डर को खोलने और अनिवार्य क्वारंटाइन को खत्म करने का फैसला किया गया है। चीनी विशेषज्ञों की मानें तो जीरो कोविड नीति की वजह से देश की अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान हुआ। साथ ही लोगों में नाराजगी भी बढ़ गई थी। नवंबर में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के खिलाफ बड़े प्रदर्शन हुए और उनसे पद छोड़ने तक की मांग की जाने लगी थी।

## दो सड़क हादसों में तीन की मौत

## कार पलटने से गई दो की जान

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

**दमोह , यशभारत।** सोमवार रात दमोह जिले में दो भीषण सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हुए। एक घायल को जबलपुर रेफर किया गया है वहीं, एक घायल का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पहली घटना में कार अनियंत्रित हुई और दूसरी घटना में एक ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दमोह के तारादेही थाना के ग्राम खमतरा में कार हादसा हुआ। जहां रामकुमार पिता नारायण सिंह लोधी उर्फ रज्जू (41 वर्ष निवासी तारादेही), गणेश पिता रूप सिंह (42 वर्ष निवासी कांटी पोड़ी थाना पाटन) एवं राजेश पिता मुन्ना लोधी ( 22 वर्ष निवासी तारादेही) तीनों कार से ग्राम खमतरा में अपनी फसल देखने जा रहे थे। रास्ते में कार बेकाबू हो गई और सड़क से उतर गई और नीचे बने फाउंडेशन पर गिर गई, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 वाहन की मदद से अस्पताल लाया गया। जिसमें रामकुमार एवं गणेश को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। साथ ही घायल राजेश को जबलपुर रेफर कर दिया गया। मृतक गनेश कोनी गांव से तारादेही अपनी रिश्तेदारी में आया था और वह भी खमतरा में फसल देखने साथ में गया था, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।



### बाइक सवार दो युवक खड़े ट्रक से भिड़े एक गंभीर।

मंडला यशभारत । विगत रात्रि लगभग 730 से 8 बजे के बीच गोलू ढाबा के पास दो बाइक सवार युवक खड़े ट्रक से जा भिड़े दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है विस्तृत ब्यौरा प्रतिक्षित है

### ट्रक ने मारी बाइक सवार को टक्कर

दूसरी घटना देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह छतरपुर मार्ग पर इम्लाई गांव में घटित हुई। बाइक सवार शारदा रैकवार (44 वर्ष) निवासी इमलाई और आलम शेख (55 वर्ष) बाइक से दमोह की ओर आ रहे थे। तभी इम्लाई गांव के समीप ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें शारदा रैकवार की मौके पर मौत हो गई और आलम शेख घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और मृतक के शव को अस्पताल के शव गृह में रखा गया। पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव परिजनों के सुपुर्द किए गए पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## आम लोगों से संवाद करते दिखे राहुल

**नई दिल्ली ईएमएस।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने दिल्ली में कांग्रेस के खिसके परंपरागत वोट बैंक को साधने में पूरी ताकत लगाई। करीब 22 किमी लंबे रास्ते में सड़क के दोनों तरफ खड़े मुस्लिम समुदाय व गरीब तबके के लोगों और युवाओं-बच्चों को उन्होंने पास बुलाकर बातचीत की। काफिला बेशक सात विधानसभा क्षेत्रों से गुजरा, लेकिन उन्होंने पूरी दिल्ली को यात्रा का संदेश देने का प्रयास किया। बदरपुर बॉर्डर से लालकिले के बीच जिस रास्ते से राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा पूरी की, उस पर दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली व चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र व बदरपुर, ओखला, तुगलकाबाद, जंगपुरा, नई दिल्ली, मटिया महल व चांदनी चौक विधानसभा सीटें आती हैं। आम आदमी पार्टी के आने से पहले सात विधानसभा सीटों में से बदरपुर को छोड़कर बाकी छह जगह कांग्रेस का गढ़ रहा है। वहीं, 2014 से पहले लोकसभा सीटें भी कांग्रेस के पास रहती थीं, लेकिन इस बीच कांग्रेस ने इलाके में जनाधार खो दिया। फिलहाल विधानसभा की एक सीट भाजपा के पास और बाकी आम आदमी पार्टी के पास हैं, जबकि लोकसभा की सभी सीटें भाजपा के पास हैं।यात्रा कांग्रेस के पुराने गढ़ से निकाली गई है। इसके जरिए उन्होंने फिर से जमीन मजबूत करने की कोशिश की। यही वजह है कि राहुल पूरी यात्रा के दौरान आम लोगों से संवाद करते दिखे। यात्रा मार्ग के दोनों ओर खड़े बुजुर्गों को पास बुलाकर बात की। इनमें कई मुस्लिम समुदाय के बुजुर्ग शामिल थे।



## अनाकापल्ली में दवा कंपनी की लैब में आग, चार की मौत, एक घायल

**अमरावती , एजेंसर।** आंध्र प्रदेश के अनाकपल्ली स्थित एक दवा कंपनी में सोमवार देर शाम आग लग गई। बताया गया है कि आग परवादा लॉरस फार्मा लैब्स लिमिटेड कंपनी की प्रयोगशाला में लगी। इस आग की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस के मुताबिक, घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि यह घटना उस वक्त हुई, जब कंपनी की बिल्डिंग में मेंटेनेंस का काम जारी था। राज्य के उद्योग मंत्री अमरनाथ ने कहा कि घायल व्यक्ति का इलाज जारी है और उन्होंने इस घटना की सूचना मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को दे दी है। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारों के लिए 25 लाख रुपये मुआवजे का एलान किया है।






## उज्जैन रेलवे स्टेशन से 2 साल का बच्चा चोरी

### मां बोली- पुलिस के आगे गिड़गिड़ाई तो TI ने चांटा मार दिया

**उज्जैन, ईएमएस।** उज्जैन रेलवे स्टेशन की बुकिंग खिड़की के पास से एक 2 साल का बच्चा चोरी हो गया। मां अपने बेटे को बेंच पर लेटाकर दूध की बोतल धोने गई थी, इतने में ही उसका बच्चा चोरी हो गया। वो रेलवे पुलिस के पास गई तो पुलिस उससे बच्चा चोरी होने का सबूत मांगती रही। महिला ने GRP थाने के ञ्जढ्ढ पर अभद्रता और थप्पड़ मारने के आरोप भी लगाए हैं। लोगों को जब ये घटना पता चली, तो उनके हस्तक्षेप के बाद GRP थाने ने ष्टष्टञ्जङ्क चेक किए। इसमें आरोपी बच्चे को उठाकर ले जाते हुए दिखा, तब जाकर 28 घंटे बाद अपहरण की रिपोर्ट लिखी गई। उज्जैन के बागपुरा निवासी वैष्णवी (22) पति श्रवण से झगड़ा होने पर 2 साल के बेटे वंश को लेकर 23 दिसंबर की रात रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वह भोपाल में बड़ी मां के घर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थी। 24 दिसंबर की सुबह 10.35 बजे वह दूध की बोतल धोने के लिए बच्चे को प्लेटफॉर्म नंबर 1 स्थित बुकिंग खिड़की की बेंच पर लेटाकर गई, इतने में उसका बच्चा गायब हो गया।

### अमेरिका में सदी का भयावह बर्फीला तूफान

# 60 की मौत, जापान और ऑस्ट्रिया में भी कहर





**आइओवा, विस्कोन्सिन, मिनेसोटा और मिशिगन में भी हालात खराब**

**एजेंसी, न्यूयॉर्क/टोक्यो/फ्रैंकफर्ट।** दुनिया में कई जगह बर्फीली हवाओं और तूफान के चलते जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अमेरिका में जहां बर्फीले चक्रवाती तूफान च्ब्बमज्ज्के चलते अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं जापान के एक बड़े हिस्से में भारी हिमपात के कारण 17 लोग मारे गए हैं और 93 लोग घायल हैं। यहां सैकड़ों घरों में बिजली गुल है। उधर, यूरोप के ऑस्ट्रिया में हिमस्खलन के कारण 10 लापता हैं। अमेरिका में क्रिसमस के दौरान आए बर्फीले दूफान से देश के करीब 20 करोड़ लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। 49 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कनाडा में भी चार लोगों की जान जा चुकी है। तूफान का असर मेक्सिको तक देखने में आ रहा है। यहां मरीजों तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रही हैं और कई शहरों में बिजली तक गुल है। सबसे ज्यादा प्रभावित न्यूयॉर्क और मोटाना जैसे शहर है जहां तापमान मायनस 45 डिग्री तक पहुंच गया है।अमेरिकी अधिकारी इसे सदी का भयावह तूफान बता रहे हैं। अमेरिका के पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में अब भी बर्फीले तूफान की स्थिति बनी हुई है। पिछले कई दिनों से अमेरिका इससे जकड़ा हुआ है। लाखों घरों की बिजली गुल है, आवाजाही ठप है और चारों ओर बर्फ जमा है। नौ राज्यों में कम से कम 60 मौतें हुई हैं। आइओवा, विस्कोन्सिन, मिनेसोटा और मिशिगन में भी हालात खराब हैं। अमेरिका के बफैलो में जीरो विजिबिलिटी है, यहां 12 मौतें हुई हैं। जापान में सोमवार को आपात प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि देश में भारी हिमपात के बीच राजमार्गों पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। डिलीवरी सेवाओं में देरी हो रही है। सोमवार तक मरने वालों की संख्या 17 हो गई है जबकि 90 से ज्यादा घायल हैं। उधर ऑस्ट्रिया में हिमस्खलन जारी है। यहां जुएर्स कस्बे के पास लोगों के बर्फ में दबे होने की आशंका है।

# तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में युवा महोत्सव की धूम





**जबलपुर, यशभारत।** नोडल सेन्टर के द्वारा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित युवा महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न तकनीकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में गायन, वादन, समूह लोकनृत्य एवं अभिनय प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के चेयरमेन एस.सी. मसुरहा ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मसुरहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपना सर्वस्व देना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। संस्था के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में नोडल स्तर, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव के बारे में जानकारी दी। शास्त्रीय वाद्ययंत्र में प्रथम व द्वितीय स्थान श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज के माधव ठाकुर व जयवर्धन पाण्डे ने प्राप्त किया। सुगम संगीत में प्रथम व द्वितीय स्थान ज्ञानगंगा इंजी. कॉलेज के देवांष खन्ना व ऋतुल मेहता ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के श्रेया श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। सुगम संगीत पाश्चात्य में तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के आयुष चेरा व द्वितीय स्थान ज्ञानगंगा इंजी. कॉलेज की मुस्कान बर्मन ने प्राप्त किया। शास्त्रीय संगीत भारती में ज्ञानगंगा इंजी. कॉलेज की श्रुति श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, श्रीराम इंजी. कॉलेज के जयवर्धन पांडे ने द्वितीय स्थान व तक्षशिला इंजी. कॉलेज की दिव्या सराठे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भारतीय समूह गान में प्रथम स्थान श्रीराम इंजी. कॉलेज के ग्रुप ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान तक्षशिला इंजी. कॉलेज के ग्रुप ने प्राप्त किया। साथ ही साथ सुगम संगीत के पाष्चात्य शैली के समूह गान में ज्ञान गंगा ग्रुप ने प्राप्त किया।

इसी तारतम्य में अभिनय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीराम इंजी. कॉलेज व द्वितीय स्थान तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज व तृतीय स्थान ज्ञानगंगा कॉलेज तथा मूक अभिनय (माइम) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज व द्वितीय स्थान श्रीराम इंजी. कॉलेज ने प्राप्त किया। विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेज से पधारे छात्र-छात्राओं ने समूह लोक नृत्यों की प्रस्तुति देकर सम्पूर्ण कार्यक्रम को गुन्जायमान कर दिया तथा सभी दर्शकों ने समूह लोक नृत्यों की प्रस्तुति की सराहना की। इस युवा महोत्सव का मुख्य आकर्षण समूह लोक नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता थी। समूह लोकनृत्य कार्यक्रम में प्रथम स्थान तक्षशिला कॉलेज के बधाई नृत्य ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान श्रीराम इंजी. कॉलेज ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्था के सचिव पी.के. तिवारी, कोषाध्यक्ष रतन खर्द, प्रबंध समिति के सदस्य, प्राचार्य डॉ. बी.के. साहू, डायरेक्टर एकेडेमिक डॉ. अर्पित शुक्ला, डायरेक्टर प्रो. विषाल सक्सेना, डॉ. शीतल मेहता, प्रो. संध्या श्रीवास्तव, दीपेष कोरी एवं समस्त प्राध्यापकगण एवं स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का सम्पूर्ण समायोजन एन.सी.सी., स्पोर्ट्स, व सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. संजय तिवारी एवं सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय वर्मा के सानिध्य में निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। एक दिवसीय युवा महोत्सव कार्यक्रम की सभी ने सराहना की एवं राजीव गांधी प्रौद्योगिकी वि.वि. भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जबलपुर नोडल के समस्त छात्र-छात्राऐं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देंगे।

# मध्य प्रदेश युवा नीति पर छात्र - छात्राओं ने निकाली रैली




**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर श्रीजानकीरमण महाविद्यालय से मध्य प्रदेश युवा नीति पर छात्र-छात्राओं की एक रैली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में निकाली गई। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के इतिहास विभाग विभाग अध्यक्ष डॉ. आनंद सिंह राणा ने हरी झंडी दिखाकर किया रैली में शामिल छात्र-छात्राएं च्च्हम बनाएंगेज्ज अपनी युवा नीति, युवा बनाएं अपनी युवा नीति, आदि के नारे लगाते हुए चल रहे थे। युवा रैली महाविद्यालय प्रांगण से रवाना होकर शहर के कई क्षेत्रों से भ्रमण कर वापस महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई रैली में छात्र-छात्राओं करण तिवारी सौरभ रैकवार गौरव रामचंदानी, अंजली सोनी, काजल कोस्टा, प्रियंका पटेल समेत सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे मार्गो पर छात्र-छात्राओं को व्यवस्थित रूप से चलने ताकि आवागमन बाधित ना हो के निर्देश डॉक्टर गंगाधर त्रिपाठी डॉक्टर अंजली शुक्ला डॉ.अनामिका सिंह, श्रीमती राधा झरिया, श्रीमती नीना चौबे, तरुण मिश्रा, प्रशांत पाठक, मनोज चौरसिया, डेनियल, मुकेश श्रीवास्तव, श्रीमती राखी बाजपेई, मीनाक्षी लोधी, अनुपमा पाठक, सुश्री काजल मनेक, प्रियंका यादव, गोपाल रैकवार चंद्र कुमार चौबे भूपेंद्र अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# चने में कालर रॉट रोग से बचाने की वैज्ञानिकों ने दी जानकारी



## जनेकृविवि के वैज्ञानिकों की टीम ने मझौली, कंटगी और पाटन के किसानों के खेतों का किया भ्रमण

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सप्रेरणा एवं संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा के निर्देशन पर किसानों की फसलों पर लगने वाली विभिन्न प्रकार के रोगों की समस्याओं के निराकरण के लिये चार सदस्यी वैज्ञानिक दल का गठन किया गया। यह वैज्ञानिकों का दल मझौली, पाटन और कंटगी विकासखण्डों का भ्रमण किया, साथ ही किसानों की चना की फसल पर लगने वाले रोग के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनीता बब्बर ने बताया कि चने में तना विगलन रोग प्रमुख हैं, जो मृदा में अधिक नमी के कारण स्क्लेरोसियम रॉल्फसी नामक फफूँद के कारण बोनी से 6 सप्ताह तक की फसल में आता है। कॉलर रॉट रोग का प्रकोप फसल में न हो, इसके लिए कृषकों को महत्वपूर्ण सलाह दी गई है कि, मृदा में नमी आवश्यकता से अधिक न हो। वैज्ञानिक दल का नेतृत्व डॉ. अनीता बब्बर, चना विषेषज्ञ के रूप में साथ ही डॉ. एस. बी. अग्रवाल ने पौध रोग वैज्ञानिक प्रो. प्रमोद गुप्ता द्वारा प्राकृतिक व जैविक खेती आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# खेतों की माटी में सूक्ष्मजीव संजीवनी का कार्य करते हैं : डॉ. ए. बी. सिंह

## भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईसीएआर) के वैज्ञानिकों ने विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों का किया निरीक्षण



**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के अंतर्गत, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नईदिल्ली द्वारा वित्त पोषित मृदा विज्ञान की विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से जानकारी एवं निरीक्षण, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के निदेशक डॉ. ए. बी. सिंह, पूर्व निदेशक डॉ. ए. के. पात्रा, परियोजना संचालक डॉ. एस. आर. मोहती डॉ. ए. के. विश्वास, प्रमुख वैज्ञानिक एवं डॉ. के. भारती प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा किया गया। उन्होंने परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रयोगशालाओं में किए जा रहे माटी के शोध की विस्तार से जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. कर रहे विभिन्न छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत कर भविष्य की आवश्यकताओं एवं जरूरत के अनुसार शोध पर ध्यान देने हेतु सभी वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण सलाह प्रदान की।

भोपाल से आई मृदा वैज्ञानिकों की टीम द्वारा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा को पुष्प कुछ देकर बधाई दी, साथ ही भविष्य की विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जैसे प्राकृतिक खेती, जैविक खेती पोषक तत्वों का बेहतर उपयोग कैसे किया जाए, जैविक खादों का किसानों के प्रक्षेत्र पर उपलब्धता एवं विभिन्न माटी के स्वास्थ्य, गुणवत्ता, उत्पादकता एवं बेहतर कार्यों हेतु मंथन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी. के. कौतू संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. डी. के पहलवान मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एन. जी. मित्रा, डॉ. एच. के. राय, प्रमुख वैज्ञानिक एवं सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल उपस्थित रहे।इस दौरान मुदा विज्ञान विभाग के डॉ. पी. एस. कुल्हारे, डॉ. बृजेश दीक्षित, डॉ. एच.के. राय, डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. बी. एस. द्विवेदी, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. राकेश साहू, डॉ. जी. एस. टैगोर, बबलू यदुवंशी एवं अन्य वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# संगठन ने मनाया क्रिसमस मिलन समारोह



**जबलपुरयशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिष्चियन मंच इंडियन कॉफी हाउस ओमती में जागरूक अधिकारी कर्मचारी, जागरूक खेल संघ एवं एम.पी.मास्टर एथलेटिक्स एसोषिएषन के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं कर्मचारियों ने मिल कर क्रिसमस मिलन समारोह मनाया सर्वप्रथम क्रिसमस केक सभी ने मिल कर काटा एवं एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई केक खिलाकर दी। जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि संघ ने आगे बताया कि इस क्रिसमस मिलन समारोह के उपलक्ष्य में सभी ने भाईचारे, शांति एवं प्रेम का संदेष देते हुए कर्मचारियों, खिलाड़ियों के मान सम्मान और समस्याओं के निराकरण हेतु विषेष चर्चा कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओ पर करते हुए उनके निराकरण की रूपरेखा त्ैयार की।इस अवसर पर रूबिन लाजरस, जीवनलाल रजक, बबलू प्यासी, लॉरेन्स मार्टिन, राम मूर्ति पिल्ले, फिलिप अन्थोनी, एनोस विक्टर, अलबर्ट अन्थोनी, सुनील रिचर्डषन, लक्ष्मण काछी, राकेष श्रीवास, सुधीर अवधिया, धनराज पिल्ले, दिनेश गौंड़, शहीर मुमता?, हेमन्त ठाकरे, आर.पी.खनाल, योगेष ठाकरे, आषाराम झारिया, बिन्दु पिल्ले, जुगनू उसमानी, नरेन्द्र जायसवाल, विनोद सिंह, गोपीषाह, रऊफ खान, सुरेष कोरी, ओंकार दुबे, खूबचंद, नवीन कपूर, मोहन रजक, मोहन दास, महिदर पांडे आदि उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया

**जबलपुर, यशभारत।** आज दिव्यांग बल के साथी संजय रजक, सुमित कोहली व शुभम विश्वकर्मा व्हीलचेयर क्रिकेट खेलने के लिए छतरपुर के लिए रवाना हुए।इनकी शुभ यात्रा व खेलने के लिए मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष हेमंत कुशवाहा, प्रदेश सचिव सौरभ बघेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तमराव, जबलपुर व सागर संभाग प्रभारी सुभाष विश्वकर्मा जौनपुर जिला अध्यक्ष दिनेश झारिया जिला सचिव सरफराज जबलपुर जिला महिला मंडल अध्यक्ष सविता केवट,आरती तिवारी,रीटा सोनी, भानु प्रताप सिंह, यशवंत केवट,सरफराज अंसारी, अरुण बाजपेई, प्रितपाल, राहुल रघुवंशी,कृष्ण कुमार व अन्य साथी ने सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।



# महिला पहलवानों की कुश्ती टीम का चयन



**जबलपुर, यशभारत।** ठा. धनपत सिंह पूरन सिंह उस्ताद पंचायती अखाड़ा में म प्र की महिला कुश्ती टीम का चयन किया गया, इस अवसर पर बजरंग बली वीर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, जबलपुर के हीरा पहलवान, जबलपुर के पहले विक्रम अवार्ड़ी मन्नू पहलवान, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष किशोरी लोधी, जयवीर सिंह उस्ताद, तजेन्दर सिंह टीटू, दुर्गा शंकर, अरूण चंद्रवंशी, नर्मद काछी, बाबू भाई, प्रवीण धनगर, एस के विश्वकर्मा, सुनील खलीफा, रमेश खलीफा, जगदीश माझी, अनील पहलवान, राजेन्द्र सोंधिया, आदि की गरीमामय उपस्थिति में चयन सम्पन्न हुआ। चयनीत महिला पहलवान के नाम इस प्रकार है- 48 किलो? में गुनगुन वंशकार कटनी, 52 किलो संजना बैगा कटनी, 56 किलो नीतू नवरे, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, 62 किलो पवी चंद्रवंशी पंचायती अखाड़ा, जबलपुर, 68 किलो उजाला यादव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, महिला हिंद केशरी के टाईटल के लिए 65 से 90 किलो तक के रिया नामदेव, जबलपुर महिला हिन्द केशरी स्पर्धा में भाग लेंगी। उक्त स्पर्धा को सम्पन्न करने में निर्णनायक की भूमिका में देवेन्द्र उपाध्याय चंदन चक्रवर्ती राकेश यादव, कैलाश कहार आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं चयनीत महिला पहलवानों के नामों की घोषणा संघ के इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ मप के महासचिव अर्जुन यादव के द्वारा किया गया है। श्री यादव ने बताया किया, उक्त चयनीत महिला पहलवान 5 से 8 जनवरी 2023 में हैदराबाद के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 51वीं हिन्द केशसी कुश्ती स्पर्धा में भाग लेंगी।



# मोहम्मद अनवार को दोहरी सफलता

**जबलपुर, यशभारत।** बुलबुल किड्स किंग्डम स्कूल की वार्षिक खेलकूद स्पर्धा में कक्षा नवी में अध्ययनरत छात्र मोहम्मद अनवर ने जहां बैडमिंटन स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तो वही यलो हाउस की कबड्डी दल का नृत्य तब कर उपविजेता बन रजत पदक अर्जित किया जबकि बाधा दौड़ में प्रथम स्थान पर रहते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर स्पर्धा में दोहरी सफलता प्राप्त की अनवार बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक अंजुमन इस्लामिया शाला के वरिष्ठ शिक्षक शकील अनवर व शबनम बेगम के पुत्र हैं इनकी इस शानदार सफलता पर निदेशक अनूप श्रीवास्तव प्राचार्य श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव शाला सहपाठी अर्शील सिद्दीकी अबू हमजा जीशान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कल कांग्रेस के 138 वां स्थापना दिवस पर होंगे आयोजन

**जबलपुर ,यशभारत।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी जबलपुर के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह च्च्अन्नूज्ज ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस 28 दिसंबर प्रातः 10:30 बजे ध्वज वंदन के साथ स्थापना दिवस मानस भवन राइट टाउन में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव प्रदेश सह प्रभारी सी.पी. मित्तल जी, जिला प्रभारी पूर्व विधायक सुनील जैन जी, सह-प्रभारी विभाष जैन जी को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील जगत बहादुर सिंह अन्नू, संगठन मंत्री मनोज सेठ, बलवंत गुर्जर, दिनेश तामसेतवार, जितेंद्र ठाकुर, शिव कुमार चौबे, प्रमोद पटेल, शेखर सोनी, कपिल श्रीवास्तव, सुसीम धर, आजम खान, संजय अहिरवार, डॉ राजेंद्र पिल्ले, रविंद्र श्रीवास्तव, आजाद अंसारी, मनीष पटेल, मुकेश सोनी, विजय रजक, सतीश तिवारी, कमलेश यादव, जतिन राज सहित वरिष्ठ जनों ने की है।

# विशाल निरंकारी बाल संत समागम



**जबलपुर,यशभारत।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से संत निरंकारी मण्डल जबलपुर जोन की पनागर ब्रांच में 16 वें निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन पनागर कृषि उपज मंडी में आदरणीय बहिन कनक नागपाल जी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस विशालत्तम बाल संत समागम में जबलपुर जोन की 09 रजिस्टर्डव 03 अन्य ब्रांचो के 200 बच्चों समेत लगभग 700 की संख्या में साध संगत ने हिस्सा लिया। निरंकारी बाल संत समागम में बच्चों ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की सिखलाई जैसे ब्रम्हज्ञान, सेवा सिमरन सत्संग, भक्ति, मानवता, अनेकता में एकता, प्यार भाईचारे इत्यादि विषयों पर नाटक, गीत, कविता व नृत्यकला का सहारा लेकर अपने भावों को साकार करते हुए सुंदर प्रस्तुति प्रेषित की ।समागम में जबलपुर, लालमाटी, अधारताल, पनागर, सिहोरा, गोसलपुर, रांझी, बरेला, धनपुरी, बम्हनी, दमोह, मंडला आदि से बाल कलाकार व संगतों ने हिस्सा लिया। बाल समागम को सफल बनाने में सेवादल के क्षेत्रीय संचालक सतीश आसवानी, संचालक आनंद कोष्टा, बहिन भावना, बहिन सीमा, अनिल नानवानी, महेंद्र दलपत, हरमीक आदि आदि सेवादल के अनेक भाई बहिनों ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# महादान से अमर हो जाता नश्वर शरीर.... डॉ सिडाना

## देह और अंग दान से बड़ा कोई दान नहीं

## हिन्दू एवं मुस्लिम जोड़ों ने भी शादी की सालगिरह पर किया देहदान



**जबलपुर,यशभारत।** तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा अर्थात कभी आपने सोचा है कि नश्वर शरीर भी आपको अमर कर सकता है। जीवनभर प्रमुख पर्वो व अनुष्ठानों पर किए गए दानों में देह या अंगों का महादान से बड़ा कोई दान नहीं होता है सांस थमने के बाद शरीर का दान करने वाला देह व अंगों का महादान होता है, क्योंकि इससे दूसरों की भलाई होती है। ऐसा करने वाला व्यक्ति प्रभु की कृपा का पात्र और दुनिया की नजरों में महान बनता है। उपरोक्त विचार आज अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत की सीईओ डॉ सलोनी सिडाना ने जिले में देहदान और अंग दान करने वाले 26 महिला और पुरूषों को प्रशस्ति पत्र देकर देकर सम्मानित किया। अपर कलेक्टर विमलेश सिंह ने कहा आज मरणोपरांत देहदान संकल्प लेकर अद्भुत मिशाल पेश की। इनकी एवं इनके परिवार की जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी उन्होंने चिकित्सा शिक्षा के लिए देहदान कर दूसरों को भी वैसा करने के लिए प्रेरित किया है कार्यक्रम मेंअनुराग सिंह अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा ने अपनी अभिव्यक्ति में कहा कि च्च्ऐसी प्रेरक पहल मानवता के प्रति सबसे बड़ा योगदान है।ज्ज कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क केंद्र के नोडल अधिकारी गिरीश बिल्लोरे द्वारा किया गया। दीपदान नवाचार के क्रियान्वयन तथा कार्यक्रम के समन्वयन में उमाशंकर अवस्थी का अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय भूमिका रही है।

### ये देहदान करने वाले सम्मानित

स्मरण हो कि अब तक जबलपुर जिले में देहदान नवाचार के लिए 445 महिलाओं पुरुषों ने संकल्प पत्र भरे हैं। जिनमें 14 लोगों की मुत्यु उपरांत पार्थिक शरीर परिवारों ने मेडिकल कॉलेज जबलपुर को सौंपा दिया है जिला प्रशासन द्वारा आज देहदान करने वाले जिन 26 व्यक्तियों का सम्मान किया है इनमें से रिजवान खान श्रीमती खान, विनोद कुमार सोनी श्रीमती ममता सोनी की शादी की सालगिरह पर और सुरेश लाल कार्तिकेय, श्रीमती सरिता कार्तिकेय, कृषिक कुमार कुररिया, श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, श्रीमती मोनिका सोलंकी, विवेक यादव, संजय खरे, विजय कुमार सोलंकी, श्रीमती रीना दुबे, सुश्री भावना प्रसाद, सनी राजेंद्र पांडे, दीपक शर्मा, सोहन सोनकर, सनी बाल्मिक, सुश्री शिवानी पांडे, सुश्री स्वाति तिवारी, श्रीमती दुर्गा पांडे, बृजेश कुमार चौकसे, उदय रजक, शुभम सोनकर, करण सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

# श्रीमती मीता अग्रवाल को पीएचडी

**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अन्तर्गत श्रीमती मीता अग्रवाल को पीएचडी अवार्ड की गई है। मीता अग्रवाल ने



लोकेटिंग वूमेन- ए सिलेक्ट स्टडी ऑफ द नोवेल्स ऑफ महाश्वेता देवी एंड शशि देशपांडेज्ज टॉपिक पर डॉक्टर आभा पांडे जी के मार्गदर्शन में शोध कार्य किया। डॉक्टर मीता अग्रवाल सेंट अलॉयसिस कॉलेज सदर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। डॉक्टर मीता अग्रवाल जबलपुर अग्रवाल सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर में मुख्य टिकिट निरीक्षक के पद पर कार्यरत धीरज अग्रवाल की धर्मपत्नी, स्वर्गीय गीता अग्रवाल(मौसीजी) रमेशचंद्र और कृष्णा अग्रवाल की पुत्रवधु, श्रीमती नीरजा, अमित (गुड्डा) और अनुराग( मोनू) की भाभी हैं।

# कोरोना अलर्ट: मेडिकल-विक्टोरिया में तैयारियों की मॉकड्रिल





## डॉक्टर-अधिकारियों ने कोरोना वार्डों का लिया जायजा, समीक्षा सतर्क रहने की सलाह

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल और विक्टोरिया में सुबह-सुबह डॉक्टर और अधिकारियों की एक टीम ने कोरोना वार्डों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारी-डॉक्टरों के अचानक निरीक्षण से वार्डों में गहमा गहमी मच गई। कुछ देर बाद पता चला कि कोरोना की खबरों को लेकर डॉक्टर-अधिकारियों ने मॉकडिल की है। मॉकडिल प्रभारी डॉक्टर रवीन्द्र विश्नोई ने बताया कि क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉक्टर संजय मिश्रा, डीन गीता गोईन, अधीक्षक डॉक्टर अरविंद शर्मा, डॉक्टर लक्ष्मी संगोतिया सहित अन्य के मार्गदर्शन में कोरोना की मॉकडिल की गई। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट, केजुल्टी, पेइंग वार्ड सहित कोरोना सेम्पल वार्ड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोरोना संबंधी तैयारियों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों से पूछताछ की गई, कोरोना की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल के पास पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं, प्रतिमिनिट 1500 लीटर ऑक्सीजन का उत्पादन हो रहा है।

## मध्य प्रदेश में बिजली आपूर्ति का बना नया कीर्तिमान, 17 हजार मेगावाट के करीब मांग

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश में बिजली की मांग का गत दिवस 25 दिसंबर को नया कीर्तिमान बना। बिजली की मांग 16996 मेगावाट पह पहुंच गई। यह मध्यप्रदेश के इतिहास में बिजली की सर्वाधिक मांग है। इसके पहले 23 दिसंबर को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की आपूर्ति 3183.52 लाख यूनिट की गई। यह भी प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली अपूर्ति का नया कीर्तिमान है। इससे पूर्व 21 दिसंबर को प्रदेश में 3163.28 लाख यूनिट बिजली सप्लाई की गई थी। प्रदेश में जब बिजली की मांग 16996 मेगावाट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 4640 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 5376 मेगावाट और मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में बिजली की अधिकतम मांग 6622 मेगावाट दर्ज हुई। रेलवे को 359 मेगावाट बिजली प्रदाय की गई। प्रदेश में 26 दिसंबर को जब बिजली की मांग 16996 मेगावाट दर्ज हुई, उस समय बिजली की सप्लाई में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप व जल विद्युत गृहों का उत्पादन अंश 4034 मेगावाट, इंदिरा सागर-सरदार सरोवर-ओंकारेश्वर जल विद्युत परियोजना का अंश 1403 मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर का अंश 4029 मेगावाट व सासन का अंश 1120 मेगावाट, आईपीपी का अंश 1677 मेगावाट रहा। अन्य स्त्रोत जिनमें नवकरणीय स्त्रोत व बैंकिंग भी शामिल हैं, से प्रदेश को 4732 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई।

## निरंदपुर समिति में धान तौल के नाम पर लूट

### एक किसान को तुलाई से लेकर पल्लेदार पर खर्च करना पड़ रहा 50 रूपए



**जबलपुर, यशभारत।** एक और जहां सरकार किसानों के लिए सुविधाएं मुहैया कराने की बात धान खरीदी केंद्रों में कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर निरंदपुर समिति प्रबंधन द्वारा किसानों से हर बात का पैसा लेकर लूटा जा रहा है। किसानों का आरोप है कि धान बेचने व उसके परिवहन के 20 रुपए, 3 रुपए प्रति क्विंटल सिलाई एवं 20 रुपए क्विंटल की पल्लेदारी वसूली जा रही है। कुल मिलाकर करीब 50 से 53 रुपए किसानों को अतिरिक्त पैसा देना पड़ रहा है जबकि शासन के नियमानुसार किसान अपने धान को केंद्र में रखने के उपरांत उसे कुछ भी करना नहीं होता है लेकिन जिले के कई केंद्रों में किसानों खुद ही अपने धान का वजन करते हैं। किसानों ने नाम न बताने पर बताया कि प्रबंधक राजेश पटेल और प्रभारी अजीत दुबे अज्जू पटेल, भोला ठाकुर एवं सर्वेयर द्वारा किसानों से हर चीज का पैसा लिया जाता है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

नरेंद्रपुर सोसाइट के खरीदी केंद्र दो जगह बनाए चौधरी वेयरहाउस ग्राम मुडिया एवं आइडियल वेयरहाउस पनागर रोड पिपरिया के वेयरहाउस भर जाने के कारण किसानों को करीब 10 किलोमीटर दूर दूसरी वेयर हाउस अपनी उपज लेकर जाना पड़ रहा है। इसी बीच सोमवार को निरंदपुर सोसाइटी का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें किसान नरेंद्रपुर खरीदी केंद्र के प्रभारी से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में किसान हर बात का पैसा लिए जाने से नाराज हैं। वहीं प्रभारी द्वारा उन्हें समझाया जा रहा है कि कितना पैसा किस बात का लग रहा है।

### जो खरीदी कर रहे उन पर गबन के आरोप

इस मामले में युवा कांग्रेस पनागर के विधानसभा अध्यक्ष अमन गोस्वामी का कहना है कि खरीदी शुरू होने के पूर्व ही कलेक्टर और फूड कंट्रोलर को केंद्र न बनाने की सलाह दी थी क्योंकि जिन लोगों से खरीदी करवाई जा रही है उन पर पहले से ही गबन के आरोप है लेकिन उसके बावजूद केंद्र खोला गया। यह खरीदी केंद्र नहीं भ्रष्टाचार एवं वसूली का केंद्र बन गया है। वहीं प्रबंधक राजेश पटेल का कहना है कि किसानों से कोई पैसे नहीं लिए जा रहे हैं। किसानों को हर तरह की सुविधा दी जा रही है।

## भागवत श्रवण के साथ चिंतन आवश्यक अनूपदेव शास्त्री

**जबलपुर, यशभारत।** भागवत कथा का श्रवण करने के बाद चिंतन मनन करना चाहिए। हरि नाम संकीर्तन करते हुए कार्य करने से कार्य सफलता सुनिश्चित रहतीं हैं। हरि नाम स्मरण मात्र से सर्व बाधा नाश हो जाता है

**पीतांबर वस्त्र धारण कर 51 कलश लेकर निकले भक्त**

उक्त उद्गार गोलोकवासी जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डाज़्स्वामी श्यामदेवा चार्य जी महाराज जी के कृपा पात्र भागवताचार्य अनूपदेव जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस राम मंदिर मदन महल में कहे ।कलश यात्रा में पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, मुख्य यजमान सुभाष चंद्र खत्री जी एवं श्रीमति अंजू खत्री जी , गुलशन मखीजा, गीता पांडे, रमेश शर्मा, अनिल सिंह, राकेश पटेल, पंकज वैध, जवाहर महाजन, अनिल चंडोक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही ।सुप्तेश्वर गणेश मंदिर से श्रीराम मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा में पीत वस्त्रों की पोशाक मे कलश धारण कर भक्तों ने शोभायात्रा की शोभा बढाई ।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ उत्तर मध्य के 16 व्यापारियों की बैठक

## कल करेंगे भ्रमण, लेंगे जायजा




**जबलपुर, यशभारत।** आज सराफा एसोसिएशन जबलपुर के नेतृत्व में उत्तर मध्य विधानसभा 16 व्यापारी संघों की बैठक सराफा बाजार स्थित श्वेतांबर धर्मशाला में संपन्न हुई इस बैठक में जबलपुर के प्रथम नागरिक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उत्तर मध्य के विधायक विनय सक्सेना , नगर निगम जबलपुर के अध्यक्ष रिंकू विज जी नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल जी एडिशनल एसपी यातायात कोतवाली सीएसपी प्रभात शुक्ला और यातायात के अधिकारियों के साथ नगर निगम से अजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे । आज की बैठक में यह भी तय हुआ कि 28 तारीख को शाम 4:00 बजे महापौर, नगर निगम कमिश्नर ,एडिशनल एसपी यातायात, कोतवाली सीएसपी के साथ सभी 16 व्यापारी संघों के अध्यक्ष सचिव क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर कर व्यवस्थाओं को देखेंगे उसके बाद 10 दिन में इन सारी समस्याओं का समाधान हर हालत में निकाला जाएगा सभी व्यापारी संघ मे मुख्य रूप से सुपर सुपर मार्केट वनवे को खोलने की मांग की और पूरे क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण अति शीघ्र अलग किए जाएं व्यवस्थित पार्किंग के लिए दुकानों के सामने मार्किंग की जाए 5 पार्किंग स्थल है तिलक भूमि तलैया, श्रीनाथ की तलैया, चरहाई ,सुपर मार्केट इन सभी पांचों पार्किंग को व्यवस्थित किया जाए और मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था की जाए मालवाहक वाहनों के लिए समय निश्चित किया जाए उत्तर मध्य की दो रोड को मॉडल रोड के रूप में व्यवस्थित किया जाए एक रोड मालवीय चौक से मिलोनीगंज दूसरी रोड बल्देव बाग से छोटी ओमती तक इन दोनों मार्गों को मॉडल रोड के रूप में व्यवस्थित की जाए सीजनेबिल बाजार को गोल बाजार या अन्यत्र शिफ्ट किया जाए क्षेत्र में लगातार मजिस्ट्रेट के माध्यम से और लगातार चालानी कार्यवाही के लिए सभी व्यापारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की साथी इस क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की जाए हर व्यापारी क्षेत्र में सुलभ कांप्लेक्स की व्यवस्था की जाए और सराफा एसोसिएशन ने मुख्य मांग के रूप में ज्वेलरी क्लेस्टर को अति शीघ्र व्यापारियों को दिया जाए आज की बैठक में सराफा एसोसिएशन जबलपुर के साथ मच्छरहाई व्यापारी संघ, थोक वस्त्र विक्रेता संघ, गंजीपुरा मैन रोड व्यापारी संघ, नॉरमल स्कूल व्यापारी संघ, जबलपुर रेडीमेड रिटेल व्यापारी संघ, लार्डगंज व्यापारी संघ, कोतवाली व्यापारी संघ, मिलौनी गंज व्यापारी संघ, मुकदम गंज व्यापारी संघ, विद्यासागर व्यापारी संघ, कछियाना व्यापारी संघ के पदाधिकारी राजा सराफ, मंजेश जैन, विक्रांत जैन, मोनू साहू, नवनीत जैन, महेंद्र ओसवाल, सुशील सोनी, अनूप अग्रवाल, राजेश सराफ, एंड सुनील सोनी, राकेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, केके चौरसिया, अनुराग जैन, भीम लाल गुप्ता, प्रदीप जैन, यतींद्र जैन ,अजय बख्तावर ,गुलाब चंद सोनी ,मिंटू राजपूत, ऋषि अग्रवाल गोलू, मनोज सराफ, प्रमोद सोनी कल्लू,नवीन सराफ,बिन्दा राजपूत, रजत सिंघाई, सुभाष बिलैया विशेष रूप से उपस्थित थे।

## रेलवे कर्मी के सूने मकान का टूटा ताला

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के स्टार सिटी में देर रात एक रेलवे कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर शातिर चोरों ने घर की अलमारी में रखे पैत्रिक गहने और नगद 20 हजार रुपये गायब कर चंपत हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि विनय नागवंशी 37 वर्ष निवासी स्टार सिटी फेस 4 ने बताया कि वह रेल्वे में नौकरी करता है। देर रात अपनी परिवार सहित अपने बड़े भाई अरविन्द नागवंशी के गृहप्रवेश की पूजा में शामिल होने तिलहरी गया था। पड़ौसी ने उसे मोबाइल पर बताया कि घर के गेट का कुंदा टूटा है । जब वह घर वापस आया तो देखा दोनों बेडरूम के कवर्ड खुले थे दीवान पर कपड़े फैले थे गोदरेज की आलमारी का लॉक टूटा था लॉकर में रखे सोने चांदी के जेवर एवं उनके बिल तथा कवर्ड में रखे 20 हजार रूपये गायब थे।

**पैत्रिक गहने और 20 हजार लेकर चोर हो गए रफूचक्कर**

## ग्वारीघाट में शराब तस्कर खुलेआम बेंच रहे शराब

### 5 आरोपियों से 6 हजार की मदिरा जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट में अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को दबोचकर, 6 हजार की मदिरा जब्त की है। आरोपी यहां खुलेआम मदिरा बेंच रहे थे। पुलिस ने बताया कि देर रात क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि पुरानी बस्ती में आकाश पटैल , उमेश पटैल के घर के बाजू से अवैध रूप शराब लेकर आया है और बेचने के लिये रखे है । सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं ग्वारीघाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर आकाश पटैल 24 वर्ष निवासी गणेश मंदिर के बाजू से ग्वारीघाट को पकड़ा गया । जिसके कब्जे से 42 पाव देशी शराब और 1 हजार रूपये जब्त किए गए। इसी प्रकार उमेश पटैल निवासी पुरानी बस्ती ग्वारीघाट ,ग्राम जिलहरी आयुर्वेदिक कालेज के सामने मैदान में आरोपी रविन्द्र सिंह ठाकुर 25 वर्ष , नर्मदा नगर में अप्पा सोनकर, लालकुआ खेरमाई मंदिर के पास संजय केवट 18 वर्ष को दबोच लिया गया।



## ट्रक चालक को लूटने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### कब्जे से दो बाइक व 10 हजार रुपए जप्त

**जबलपुर यश भारत।** पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलारी के सामने एक ट्रक चालक से लूट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने उस समय घेराबंदी कर दबोच लिया जब वह देर रात कहीं भागने की फिराक में थे पूछताछ पर उन्होंने वारदात करना स्वीकार किया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि महाराजपुर निवासी छोटू बड्डू एवं उसके दो अन्य साथी घटना की रात पनागर कलारी के सामने किसी काम से खड़े ट्रक चालक प्रभाकर उर्फ लव कुश का कीमती मोबाइल एवं 10 हजार रुपए लूट कर मौके से फरार हो गए थे उक्त घटना की रिपोर्ट ट्रक चालक द्वारा पनागर थाने में दर्ज कराई गई पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश करने में लगी हुई थी इसी दौरान बीती रात पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई की चार युवक बाइक से कहीं भागने की फिराक में खड़े हुए हैं उक्त जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और उस स्थान पर जहां पर चारों लुटेरे खड़े हुए थे लुटेरों ने जब पुलिस को देखा तो मौके से भागने का प्रयास किया जिन्हें घेराबंदी कर सलाखों के पीछे कर दिया उनके पास से दो मोटरसाइकिल एवं 10 हजार रुपए भी जप्त किए गए।

## 20 वर्ष पूर्व खरीदी केंद्रों की स्थापना को लेकर लड़ी लड़ाई, किसानों ने जीती



**जबलपुर ,यशभारत।** भारत कृषक समाज से के. के. अग्रवाल एवं रूपेन्द्र पटेल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार, सन 2002 में धान एवं गेहूं के खरीदी केंद्रों की स्थापना एवं समर्थन मूल्य पर गांव-गांव में खरीद प्रारंभ करने, किसानों के गैर राजनैतिक, राष्ट्रीय संगठन, भारत कृषक समाज के नेतृत्व में पूरे जबलपुर में किसानों द्वारा आंदोलन किये गए थे। इसी कड़ी में आशीर्वाद मार्केट, लॉर्डगंज स्थित एफ. सी. आई कार्यालय का एक ऐतिहासिक आंदोलन में सैकड़ों की संख्या में किसानों ने घेराव कर, जंगी प्रदर्शन किया था। इस क्रांतिकारी आंदोलन में जिला प्रशासन एवं पुलिस ने किसानों की गिरफ्तारियां की एवं 72 किसान भाइयो को जेल भेजा गया था। जिसका विगत 20 वर्षों से अदालत में केस चल रहा था। एक वर्ष से लगातार माह में दो-तीन पेशियां हो रही थी। आज सुश्री श्रद्धा पांडे की जिला अदालत ने तमाम साक्ष्य एवं गवाहों की समीक्षा के बाद, सभी किसान योद्धाओं को बाइज्जत बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि विगत 20 वर्ष पूर्व किए गए इस आंदोलन के फलस्वरुप किसान सरकार पर दबाव बनाने में सफल हुए थे, जिसके कारण उसी समय शासन के निर्देश के तहत गांव की सहकारी साख समितियों में समर्थन मूल्य पर किसानों के उत्पाद की खरीद प्रारंभ हुई, जिसका लाभ पूरे प्रदेश के किसानों को मिला। किसानों की ओर से एडवोकेट भगवत पटेल ने पैरवी की।

## यादव महासभा में समाज को और मजबूत करने पर चर्चा




**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर की विधानसभा स्तर पर कैंट विधानसभा यादव समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अतिथियों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन कर बैठक का शुभारंभ किया एव तत्पश्चात मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव का स्वागत किया गया । बैठक में समाज को किस प्रकार विधानसभा स्तर से लेकर प्रत्येक वार्डो तक सदस्यों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ना और समय-समय पर समाज के द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी उन तक कैसी पहुंचाना इस बात पर भी विशेष रुप से चर्चा की गई एवं विधानसभा अध्यक्ष एव वार्ड अध्यक्ष नियुक्त कर समाज को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। मंच पर सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव जी, श्रीमती कमलेश यादव, श्रीमती विनीता यादव, श्रीमति नीलम यादव, श्रीमती सुषमा यादव, श्रीमती रचना यादव, श्रीमती सुशीला यादव, श्रीमती सविता यादव, पूर्व पार्षद प्रदीप यादव, पूर्व पार्षद राजेश यादव, पूर्व पार्षद ऋषि यादव, राजीत यादव कैंट पार्षद, राम रतन यादव, अयोध्या प्रसाद यादव, केदारनाथ यादव, घनश्याम यादव, अजय यादव, शशांक यादव, संजय यादव, गणेश यादव, मनीष यादव, रोहित यादव, बहोरी लाल यादव, सलपनाथ यादव, बापू यादव, सुभाष यादव, एस के सिंह यादव मंच सीन उपस्थित थेसंचालन शिव यादव, के एन सिंह यादव द्वारा किया गया ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

निविदा सूचना क्र./स्वा.वि./2022/841/ई-टेंडरिंग/पी.आर.ओ./597 दिनांक 26/12/2022

**निविदा सूचना**

नगर निगम, जबलपुर के 79 वार्डों में स्थित सामुदायिक शौचालयों की सफाई कार्य हेतु श्रमिकों की पूर्ति ठेका प्रणाली से किए जाने निविदायें विहित शर्तों के अधीन सक्षम एवं पात्र निविदाकारों से ई-टेंडरिंग के माध्यम से बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का नाम | अनुमानित निविदा लागत | अमानत राशि | निविदा का मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| सामुदायिक शौचालयों का सफाई कार्य। | 1.94 करोड़ | 1.94 लाख | 12,500/- | 1 वर्ष |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना का विवरण www.mptenders.gov.in में देख सकते है।
(आयुक्त आदेशानुसार)

स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम जबलपुर

# सीएम शिवराज ने किया मध्य प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति का विमोचन

## कहा, मध्य प्रदेश में किया जाएगा विज्ञान का लोक व्यापीकरण

**भोपाल ,यशभारत।** अभी तक मध्य प्रदेश को कृषि प्रधान प्रदेश के रूप में जाना जाता था। मध्य प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति लागू होने के बाद अब प्रदेश की पहचान तकनीकी प्रधान राज्य के रूप में भी होगी। प्रदेश में इस नीति को तत्परता के साथ लागू किया जाएगा। यह बात सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासन अकादमी भोपाल में मध्य प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति-2022 का विमोचन करते हुए कही। उन्होंने नीति को तैयार करने में विज्ञानिकों के अमूल्य योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान का लोक व्यापीकरण किया जाएगा। इसके लिए सब मिल कर प्रयास करेंगे। राज्य नवाचार कोष की स्थापना की जाएगी। भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे ब?ाने में विज्ञान और तकनीकी का पूरा उपयोग किया जाएगा।मध्य प्रदेश आध्यात्म और विज्ञान की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। भारतीय कैलेंडर अधिक सटीक और वैज्ञानिक है। मध्य प्रदेश का उज्जैन शहर प्राचीन काल-गणना का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। मैंने भी 11वीं तक विज्ञान पढ़ा, अरोरा सर पढ़ाते थे। विज्ञान हर जगह है। हमारे बेटे-बेटियों का रूझान विज्ञान, तकनीक,



### राज्य नवाचार कोष की होगी स्थापना

इंजीनियरिंग और गणित के प्रति बढ़े, इस पर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आज के युग में डाटा की महत्वता समझते हैं। कोडिंग प्रयोगशाला, क्यूरोसिटी प्रयोगशाला के लिए प्रयास करेंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रभावी उपयोग करेंगे। हम आध्यात्म और विज्ञान में अग्रणी रहे हैं। वैद्य ना?ी देख कर ही बीमारी का पता कर लेते हैं। भारत की पांच ट्रिलियन की इकानोमी में मध्य प्रदेश 550 बिलियन का योगदान करेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि गांव-गांव तक विज्ञान के प्रति रूचि ब?ाई जा रही है। प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निकुंज श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में टेक्नोलाजी और नवाचार से ही सुशासन स्थापित किया जा सकता है। इस मौके पर आइआइटी गांधीनगर और मध्य प्रदेश शासन के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। आइआइटी इंदौर से भी एमओयू हुआ। अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए।

### मुख्यमंत्री ने दिया जोर

- विज्ञान – विज्ञानी सोच समझ को दैनिक जीवन का अंग बनाएंगे।
- प्रौद्योगिकी –सरकार और समाज में आधुनिक तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग।
- नवाचार –नया सोचने, नया सीखने और नई पहल करने वाली पीढ़ी का निर्माण।
- खेल- खेल में सीखाने की नई सोच बच्चों में विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

### विज्ञान पार्क और संग्रहालय बनाएगी सरकार

छात्रों के साथ-साथ पर्यटकों एवं आम जन में विज्ञान के प्रति अभिरूचि जगाने के लिए विज्ञान से परिपूर्ण शैक्षणिक और मनोरंजक विज्ञान केंद्र बनाने के लिए एक विज्ञान पार्क बनाया जाएगा। एक विज्ञान संग्रहालय भी बनाया जाएगा। इसमें विमानन, अंतरिक्ष, जीव विज्ञान, आनुवंशिकी, प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र, जलवायु आदि को प्रदर्शित करने वाली विषयगत दीर्घाएं होंगी।




# काम में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिव पर गिरी गाज

**भोपाल यशभारत।** स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा योजना के तहत किए जा रहे कार्यों में लापरवाही बरतने वाले एक पंचायत सचिव के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। वहीं कुछ अन्य सचिवों पर वेतन रोके जाने की कार्रवाई की है। जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने सोमवार को ग्राम पंचायतों में किए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन और मनरेगा योजना के तहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जनपद पंचायत फंदा में पदस्थ उपयंत्री, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे। जनपद पंचायत फंदा की सभी ग्राम पंचायतों में किए जा रहे कार्यों की सीईओ ने समीक्षा की। इस दौरान ग्राम पंचायत रातीबड़ की समीक्षा के दौरान उक्त योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्य तय समयसीमा में पूरे नहीं किए गए। इससे रातीबड़ पंचायत सचिव सतीश नामदेव को निलंबित किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत बगरोदा, परवलिया सड़क, खौरी, आदमपुर छावनी के पदस्थ सचिव एवं जीआरएस के पांच दिवस से 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत नांदनी में पदस्थ सचिव द्वारा जीपीएस रिपोर्ट पर उपलब्ध जानकारी को गलत बताया गया। जानकारी को जीपीएस की हर दिन की जानकारी से मिलान करने पर संबंधित सचिव द्वारा दी गई जानकारी गलत मिली। इससे सचिव के खिलाफ एक महीने के वेतन काटने की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा सीईओ द्वारा उपयंत्री, पंचायत सचिव, जीआरएस को समय सीमा में सौंपे गए दायित्व को पूरा करने के लिए कहा है। साथ ही गांवों में हर दिन कचरा गाड़ी का संचालन करने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने एवं टेक्स कलेक्शन करने के निर्देश भी दिए हैं।



# मध्य प्रदेश में अब तक 9828 सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग

### 1004 में मिला ओमिक्रोन

भोपाल यशभारत। प्रदेश में अब तक 9828 सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग हो चुकी है। इनमें पाजिटिव मिले सैंपलों (वैरिएंट आफ कंसर्न) में से 1004 में ओमिक्रोन वैरिएंट मिला है। अभी चीन समेत कई देशों में तबाही मचा रहा बीएफ-7 भी ओमिक्रोन का सब वैरिएंट है। हालांकि, प्रदेश में अभी तक ओमिक्रोन के जो भी सब वैरिएंट मिले हैं, वह संक्रामक भले ही रहे, पर मरीज गंभीर नहीं हुए। अल्फा के 79, डेल्टा के 731 और डेल्टा प्लस के 14 मामले सामने आए हैं। अब सभी पाजिटिव सैंपलों की एम्स भोपाल और डीआरडीई ग्वालियर में जीनोम सीक्वेंसिंग कराई जा रही है।

### डेल्टा प्लस वैरिएंट का कोई भी मामला नहीं

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दूसरी लहर में सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले डेल्टा प्लस वैरिएंट का कोई भी मामला पिछले साल अक्टूबर के बाद से नहीं मिला है। तीसरी लहर में सबसे ज्यादा मामले कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट और इसके सब वैरिएंट के ही मिले हैं। शुरू से लेकर इस वर्ष जनवरी तक ओमिक्रोन के 266 मामले सामने आए थे। इसके बाद तीसरी लहर के दौरान सबसे ज्यादा लोग इसी वैरिएंट से संक्रमित हुए। जनवरी से अप्रैल के बीच कराई गई जीनोम सीक्वेंसिंग में 738 सैंपलों में ओमिक्रोन या इसके सब वैरिएंट की पुष्टि हुई। अप्रैल से अभी तक सिर्फ पांच में यह वैरिएंट मिला है।

### प्रत्येक पाजिटिव सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर प्रत्येक पाजिटिव सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने को कहा है। प्रदेश में दोनों प्रयोगशालाओं में हर माह 1200 सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग की क्षमता है। अभी राज्य में प्रतिमाह संक्रमित होने वालों की संख्या 20 से 30 के बीच है। इस कारण इतने ही सैंपलों की सीक्वेंसिंग हो पा रही है।

# कोरोना से निपटने कितने तैयार हैं हमारे अस्पताल, आज माकड्रिल से परख

**भोपाल यशभारत।** कोरोना की आहट के बीच हर स्तर पर सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। मंगलवार को एक माकड्रिल भी कीगई। जिसमें कोरोना महामारी के संभावित खतरे से बचने के लिए की गई अस्पतालों समेत व्यवस्थाओं को हर स्तर पर परखा गया। इस माकड्रिल की तैयारियां एक दिन पूर्व सोमवार को पूरी कर ली थी।हालांकि अभी प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट का असर नहीं देखा गया है, लेकिन आशंकाओं के बीच बचाव और इलाज की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूरे प्रदेश में कल जिला अस्पतालों में माकड्रिल किया जाएगा। मतलब स्वास्थ्य विभाग अपनी तैयारियों को जांच कर साफ्टवेयर के माध्यम से प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराएगा। इससे पहले आज जिला अस्पताल में चिकित्सकों की एक बैठक भी होगी, जिसमें पुराने अनुभवों के आधार पर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। हालांकि यह माकड्रिल सिर्फ अस्पतालों में होनी है। जिसमें तैयारियों को लेकर डाटा को विभाग के साफ्टवेयर में अपलोड किया जाना है।

### इंडिया पोर्टल पर फीड होगा डाटा

सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि माकड्रिल के लिए अस्पताल में व्यवस्थाओं की जानकारी इंडिया पोर्टल पर अपलोड की गई । इसे लेकर डाटा विभाग पर स्वास्थ्य संस्थाओं का डाटा अपलोड किया जाना अनिवार्य है।



### इसका करना था माकड्रिल

- बिस्तर क्षमता आइसोलेशन बेड, आक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर सहित बेड की संख्या।- उपलब्ध मानव संसाधन – चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, आयुष चिकित्सक, आशा सहित अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अन्य ग्राम स्तर के कार्यकर्ता ।- मानव संसाधन क्षमता – कोरोना प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता, गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए वेंटिलेटर प्रबंधन प्रोटोकाल में प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभालकर्ता, पीएसए संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि।
- रेफरल सेवाएं एडवांस्ड और बेसिक लाइफ सपोर्ट (एएलएस/बीएलएस) एंबुलेंस की उपलब्धता, अन्य एंबुलेंस की उपलब्धता (पीपीपी मोड के तहत या एनजीओ के साथ), कार्यात्मक एम्बुलेंस काल सेंटर की उपलब्धता।- परीक्षण क्षमताएं – कोरोना परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या और क्षमता, आरटीपीसीआर टेस्ट और रेट किट की उपलब्धता, परीक्षण उपकरण और रिएजेंट की उपलब्धता ।- चिकित्सा रसद आवश्यक दवाओं की उपलब्धता (जैसे स्टेरायड, एनोक्सापारिन, रेमेडिसविर, टोसीलिजुमैब, और अन्य सहायक दवाएं, तरल पदार्थ आदि), वेंटिलेटर (कार्यात्मक), पीपीई (पीपीई किट, एन-95 मास्क, आदि), नेब्युलाइजर, आक्सीमीटर आदि
- मेडिकल आक्सीजन, आक्सीजन कांसेंट्रेटर, आक्सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लांट, लिक्विड मेडिकल आक्सीजन स्टोरेज टैंक, मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम आदि।
- अस्पतालों में टेलीमेडिसिन सेवाओं की उपलब्धता ।

### इनका कहना है

माकड्रिल को लेकर जो लोग समझ रहे हैं, वो नहीं है। हमें सिर्फ इंडिया पोर्टल पर सभी संस्थाओं से जानकारियों को अपलोड कराना है। जिससे कोविड से निपटने के लिए सरकार अंदाजा लगा सके।

**- डा. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ भोपाल**

# क्राइम ब्रांच ने एक साल में सूने मकानों के ताले तोड़ने वाले 85 बदमाशों को दबोचा

## दो करोड़ का माल बरामद

**भोपाल, ईएमएस।** पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू हुए एक साल हो चुका है। कमिश्नर प्रणाली में पहली बार क्राइम ब्रांच के एसपी रैंक के अधिकारी को सीधे काम करने का मौका मिला था। इसमें क्राइम ब्रांच ने अपने आप को बखूबी साबित भी किया। क्राइम ब्रांच ने लोगों के सूने मकानों के ताले तोड़ने वाले 85 बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब दो करोड का चुराया गया माल बरामद किया। सिर्फ चोरी में ही नहीं, मादक पदार्थ तस्करी की कमर तोड़ने में क्राइम ब्रांच ने अच्छी भूमिका अदा की और 12 तस्करों को गिरफ्तार कर पौने तीन सौ क्रिग्रा मादक पदार्थ बरामद किया गया। इस साल क्राइम ब्रांच वाहन चोरी को छोड़कर सभी प्रकार के अपराध रोकने में कामयाब हुई।क्राइम ब्रांच ने पिछले पांच सालों की तुलना में इस बार बडी संख्या में कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस आयुक्त प्रणाली में पुलिस उपायुक्त अमित कुमार की अगुआई में एक साल में क्राइम ब्रांच



ने भोपाल व अन्य प्रदेशों से करीब 427 बदमाशों को गिरफ्तार किया, जिनमें से 114 अपराधी तो साइबर क्राइम से जुडे है। अपराध की बदलते तरीकों के बाद साइबर क्राइम में भी तेजी से बढ रहे हैं। खास बात यह है कि पुलिस ने साइबर अपराध के साथ लोगों के सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले बदमाशों को दबोचा।

### 526 अपराध नकबजनी के दर्ज

क्राइम ब्रांच की मानें तो इस साल करीब 526 आपराधिक मामले नकबजनी मतलब सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी के सामने आए हैं। इसमें से पुलिस ने 85 बदमाशों को गिरफ्तार कर करीब दो करोड का चोरी का माल बरामद किया है। नकबजनी की 2021 में 589 और 2020 में 552 वारदात हुई थी।

### मादक पदार्थ में गांजा अधिक पकड़ा

क्राइम ब्रांच ने इस साल मादक पदार्थ तस्करी के करीब 12 आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे। इसमें 12 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से करीब 263 किग्रा गांजा , 10 किग्रा चरस और 10 एमडी मादक पदार्थ , दो कार और बाइक जब्त की गई है।

# कुंए में युवक के गिरने पर मालिक पर लापरवाही की एफआइआर दर्ज

**भोपाल, यशभारत।** गुनगा इलाके में एक कुएं के मालिक पर लापरवाही की धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई है। आरोपित का कुआ खुला था और उसके चारों तरफ मुंडेर भी नहीं थी। उसमें गिरने से एक युवक की मौत हो गई थी। जांच के करीब दो माह बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई कर एक संदेश देने की कोशिश की है, जो बोरिंग कराने के बाद गड्ढे को खुला छोड़ देते हैं और उसमें बच्चे गिरकर अपनी जान गंवा देते हैं। इस प्रकार की कार्रवाई राजधानी में पहली बार की गई है।गुनगा के थाना प्रभारी रमेश राय के मुताबिक ग्राम चांदबड़ निवासी 25 वर्षीय मदन लाल की दो माह पहले ग्राम गुनगा के बाला प्रसाद के घर के सामने से गुजर रहा था, उस रास्ते के बगल में किसान बाला प्रसाद लोधी का कुआ था। वह खुला था और उसके बंद करके भी नहीं रखा गया था।सुरक्षा के उपाय न होने पर उसमें मदन लाल गिर गया था। उसमें गिरने से उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी थी। Bhopal News–गुरुद्वारे के पास होटल में परोसी जा रही थी शराब, सीएम की नाराजगी के बाद प्रशासन ने किया सील Bhopal News–गुरुद्वारे के पास होटल में परोसी जा रही थी शराब, सीएम की नाराजगी के बाद प्रशासन ने किया सीलयह भी पढ़ेंकुंए में गिरने के बाद मदन लाल के स्वजन परेशान हो गए थे। उसकी तलाश में रिश्तेदार और दोस्तों से पूछताछ की गई,लेकिन उसका पता नहीं चला। बाद में पुलिस दो दिन बाद उसका शव बाला प्रसाद के कुंए में मिला था। इस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी थी।गुनगा थाने के टीआइ रमेश राय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पानी के साधन के बोरिंग करते हैं और उसका पानी सूखने के बाद उसे खुला छोड़ देते हैं।

# वर्दीधारी पदों की भर्ती में आयु सीमा में मिलेगी तीन वर्ष की छूट

**भोपाल ,यशभारत। मध्य प्रदेश में वर्दीधारी पदों के लिए अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। कोरोना काल में तीन साल नियमित भर्ती परीक्षाएं नहीं हुई। इसका नुकसान यह हुआ कि कई युवाओं की आयु अधिकतम सीमा से अधिक हो गई। इसे देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि दिसंबर 2023 तक अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। इसकी सूचना पद के प्रथम विज्ञापन में ही दी जाएगी। इस व्यवस्था के बाद 36 वर्ष तक सेवा में आने का मौका मिल जाएगा।**

प्रदेश में सरकार ने 15 अगस्त 2023 तक एक लाख पदों पर भर्ती का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सभी विभागों ने रिक्तों के विज्ञापन जारी करने प्रारंभ कर दिए हैं। गृह विभाग साढ़े सात हजार आरक्षकों की भर्ती करने जा रहा है। कोरोना काल के कारण तीन साल नियमित भर्ती नहीं हो सकी थी। इसके कारण कई युवाओं की आयु निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक हो गई। इसे देखते हुए गृह विभाग के प्रस्ताव पर सामान्य प्रशासन विभाग ने दिसंबर 2023 तक अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की



छूट भरे जाने वाले सीधी भर्ती के पदों के संबंध में जारी प्रथम विज्ञापन में देने का निर्णय लिया है।

सरकार ने दिसंबर 2019 में खुली प्रतियोगिता से भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की थी। राज्य लोक सेवा आयोग से भरे जाने वाले पदों के लिए न्यूनतम 21 और अधिकतम 33 वर्ष निर्धारित की थी। इसी तरह अन्य एजेंसियों के माध्यम से होने वाली तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के वर्दीधारी पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 और अधिकतम 33 वर्ष निर्धारित की थी। महिला, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग, शासकीय, निगम, मंडल, स्वशासी संस्था के कर्मचारी और नगर सैनिक के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का प्रविधान है।

# दोपहर होते ही शिकार तलाशने लगते हैं साइबर ठग, रहें सावधान

**भोपाल,ईएमएस।** अब तक कहा जाता रहा है कि अपराध की दुनिया रात को जवां होती है...लेकिन साइबर अपराध के दौर में यह कहावत गलत साबित होने लगी है। प्रदेश सहित गुजरात, राजस्थान में साइबर ठग दोपहर 12 के आसपास सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। जबकि रात नौ बजे के बाद साइबर ठगी के लिए हमलों में कमी आ जाती है। यह निष्कर्ष भोपाल की साइबर क्राइम पुलिस की ओर से पिछले एक साल में हुए साइबर अपराध को लेकर बनाई एक विश्लेषण रिपोर्ट में निकला है। साइबर क्राइम पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों को शामिल किया है, इसके तहत एक साल में करीब 849 शिकायतें हेल्पलाइन में दर्ज की गई हैं। वहीं इस साल अब तक साइबर क्राइम भोपाल के पास करीब 45 हजार शिकायतें पहुंची हैं। इनमें सबसे ज्यादा ओटीपी पूछकर ठगी की हैं। हालांकि आनलाइन धोखाधड़ी में अधिकांश मामले 25 हजार रुपये से कम के हैं।




### कब-कितने फोन आए

- दोपहर 12 बजे–32 से 33
- सुबह 11 और दोपहर एक बजे–25 से 30
- दोपहर दो से चार बजे–25-25
- सुबह 10 बजे–22 से 23
- सुबह पांच बजे–18
- दोपहर तीन बजे–छह
- रात सात और नौ बजे–10

### इन शहरों से मिलीं शिकायतें

साइबर क्राइम ने अपराध के तरीके लेकर बनाई रिपोर्ट में 13 शहरों को शामिल किया है। इनमें भोपाल, इंदौर, विदिशा, राजस्थान का अजमेर, गुजरात का वलसाड, बैतूल, मंदसौर, ईंटखेड़ी, नरेला दामोदर, सीहोर, दतिया, उज्जैन, रायसेन शामिल हैं।

### पेट्रोलमैन के द्वारा की जा रही पेट्रोलिंग

# रेलगाड़ियों के सुचारू संचालन को लेकर शीतकालीन मैं बरती जा रही हीं सावधानियाँ



***जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेल द्वारा शीतकालीन मौसम में रेल गाड़ियों के सुचारु संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गए। मुख्यालय के प्रमुख मुख्य इंजीनियर द्वारा निर्देशित किया गया है कि शीतकालीन के दौरान रेलवे ट्रैक की सभी जोड़ पट्टियों की जाँच करके उनका लुब्रिकेशन करना, ट्रैक की डी-स्ट्रेसिंग करना एवं सभी एलडब्लूआर (लॉन्ग वेल्डेड रेल) की मिसिंग फिटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।***

गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल ने तीनों मण्डलों पर शीतकालीन मौसम के दौरान विंटर प्रिकॉशन का पालन किया जा रहा है।

**फिश प्लेटों की ऑयलिंग और ग्रीसिंग** :- रेलवे ट्रैक के सभी सामान्य फिश प्लेट एवं जोगल फिश प्लेट जॉइंट्स की गहन तरीके से जाँच करके उसमें ऑयलिंग और ग्रीसिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जोड़ो के सामान्य फिश प्लेट एवं जोड़ो के जोगल फिश प्लेट में ऑयलिंग और ग्रीसिंग का कार्य किया गया। साथ ही सभी बोल्ट और पट्टियों को जाँच कर उसे सही तरीके से फीटिंग किया जा रहा है। जिससे शीतकालीन मौसम में ट्रैक के दबाव के समय रेल के खिंचाव में ट्रैक संरक्षित रहें।

**डिस्ट्रेसिंग** :- पश्चिम मध्य रेल पर स्टेशन से स्टेशन के बीच लॉन्ग वेल्डेड रेल ट्रैक होने से शीतकालीन के दौरान खिंचाव उत्पन्न होना स्वाभाविक है। इस खिंचाव को डीस्ट्रेस करना पड़ता है ताकि शीतकाल के समय रेलवे में खिंचाव उत्पन्न नहीं हो और रेल संरक्षित रहे। जिसके अंतर्गत पमरे द्वारा डीस्ट्रेस कार्य किया जा रहा है।

**पेट्रोलिंग** :- शीतकाल में पेट्रोलिंग भी की जा रही है, जिसके अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के सभी रेलखण्डों पर रेलवे ट्रैक पर पेट्रोलिंग की जा रही है। इस प्रकार पमरे में अधिक से अधिक पेट्रोलमैनों को पेट्रोलिंग करने के लिए लगाया गया है। जो कि रात्रि 11 बजे से सुबह 7 बजे तक सभी पेट्रोलिंग उपकरणों तथा ट्रैक को सुरक्षित रखने के लिए औजार के साथ ट्रैक की निगरानी कर रहे है। इसके साथ सभी पेट्रोलमैन को जीपीएस ट्रैकर यानि ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम दिया गया जिससे पेट्रोलिंग के समय इन पर निगरानी रखी जा सके। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति में इसी ट्रैकर की मदद से मोबाइल फोन द्वारा पेट्रोलमैन से कम्युनिकेशन किया जा सकता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा शीतकालीन मौसम से पहले समय-समय पर ट्रैकमैनों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिससे ट्रैक पर संरक्षित परिचालन होता रहे। शीतकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल सभी उपाय अपनाए जा रहे हैं।



## वीर बाल दिवस पर रेलवे ने उनकी शहादत को याद किया

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल मे गुरु गोविंद सिंह के साहबजादो बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद किया गया तथा इस दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया । इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकात्री सुबोध विशकर्मा ने बताया कि जबलपुर मंडल के कार्मिक विभाग के फेसबुक पेज में तथा कार्मिक एवं विभिन्न विभागों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि में दोनों साहबजादे की शहादत से संबंधित छायाचित्रों को अपलोड किया गया और शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के कार्मिक एवं अन्य विभागों के द्वारा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप ,फेसबुक तथा सोशल मीडिया एवं जबलपुर स्टेशन, कटनी स्टेशन एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों पर टीवी पर इनके छायाचित्र को डिस्प्ले कर साहबज़ादों की शहादत को याद किया गया डी.आर.एम. विवेक शील एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में जबलपुर मंडल के दोनों रेलवे स्कूल ,न्यू कटनी जंक्शन एवं लोको तलैया स्कूल, जबलपुर में भी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहबज़ादों की शहादत की याद में कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया व शहादत को याद किया।

## लोधी समाज की प्रादेशिक कार्यकारिणी में नगर का प्रतिनिधित्व..

**गोटेगांव, यशभारत।** भोपाल में युवक युवती परिचय सम्मेलन में मध्यप्रदेश लोधी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटैल विधायक नरसिंहपुर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कोकसिह नरवरिया राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती कांति पटैल द्वारा आम सहमति से तथा श्रीमती सुमन लता पटैल संरक्षिका लोधी क्षत्रिय समाज महिला संगठन के परामर्श से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई इसमें नरसिंहपुर से श्रीमती लोधी अर्चना संजय सिंह ठाकुर को प्रदेश के महामंत्री पद बरमान से श्रीमती जमुना राजेन्द्र पटेल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेन्दूखेडा से श्रीमती सपना बर्मा को प्रदेश कार्यकारी सदस्य गोटेगांव से श्रीमती संगीता संजय पटेल को कार्यकारी सदस्य नरसिंहपुर से जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू मालिक पटेल बनाया गया और भी प्रदेश कार्यकारिणी मे भोपाल उज्जैन जबलपुर सागर बालाघाट की मातृशक्तियों को भी नियुक्त किया गया सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिले के राव प्रहलाद सिंह जिला अध्यक्ष लोधी समाज ओंकार सिंह पटैल कार्यकारी अध्यक्ष निधान सिह पटैल वीरन सिंह पटैल ठाकुर सिंह पटैल राजेन्द्र सिंह ठाकुर गोविन्द सिंह पटैल विजय पटैल मालक पटैल रघुवीर सिंह पटैल विनोद सिंह पटैल अभिषेक सिंह पटैल रवींद्र सिंह पटैल सतीश पटैल राघवेंद्र आर्य चौधरी वीरेन्द्र सिंह राजेन्द्र सिंह पटैल आदि ने बधाइयाँ देकर प्रसन्नता व्यक्त कर प्रदेश पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।




## क्रिकेट टूर्नामेंट : पहला मुकाबला नरसिंहपुर ने 9 विकेट से जीता

**कुंडम, यशभारत।** सनी स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 32 में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बीसीए क्लब रीवा क्रिकेट टीम एवं सिटी बॉयज क्लब नरसिंहपु के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रीवा टीम ने 20-20 ओवरों के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सौरव की 27 रन अनिल 11 ऋषभ 18 आर्यन के 7 शशांक के 9 रन की बदौलत विश्व में ओवर में 92 रन बनाकर आल आउट हो गई गुलशन प्रियांशु शिवम ने दो-दो विकेट एक विकेट हाफिज ने लिया तीन खिलाड़ी रन आउट हुए जवाबी पारी खेलने उतरी सिटी वाइज नरसिंहपुर टीम ने ओपनर सौरव के 51 शिवम कटारे 14 रन प्रदीप पटेल 17 रन की मदद से 1 विकेट खोकर 12 ओवर में 93 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया बीसीए क्रिकेट क्लब रीवा के गेंदबाज ऋषभ को एक विकेट मिला बाकी कोई भी वाला सफल नहीं हो सकता इसके पहले आज



क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग उद्घाटन हुआ इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुंडम के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर एम एल बागरी का दोनों टीम के खिलाड़ियों से सनी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी ने परिचय कराया पर से प्राप्त करने से बाद यह मैच स्टार्ट हुआ अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ी भावना से खेलने का आवाहन किया इस अवसर पर सुनील स्पोर्टिंग क्लब के उपाध्यक्ष डॉ रजनीश विश्वकर्मा पंडित राजा मालगुजार विपत लाल धनगर सनी स्पोर्टिंग क्लब के कोषाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा एसपी विश्वकर्मा इमलाई सरपंच पुष्पराज सिंह संदीप साहू विजय साहू विनी साहू नीरज पटेल शिवम यादव धर्मेंद्र जयसवाल मुकेश बर्मन रामकृष्ण पटेल मोनू पटेल गुड्डू चक्रवर्ती उमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे इस मैच के एंपायर आदिल खान हिमांशु विश्वकर्मा तथा स्कोरर सुधीर चौधरी थेकल दूसरा लीग मैच कटनी एवं पान उमरिया के बीच खेला जाएगा।

## साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन जालना-छपरा-जालना की संचालन अवधि विस्तारित

जबलपुर यशभारत। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 07651/07652 जालना-छपरा-जालना एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल रेलगाड़ी के विस्तारित होने पर पमरे के हरदा, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशन के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। विस्तारित अवधि में यह स्पेशल ट्रेन परिवर्तित कोच कम्पोजिशन के साथ चलेगी। पमरे मुख्यालय प्रेस विज्ञप्ति बताया गया कि जालना से प्रत्येक बुधवार को प्रस्थान कर छपरा जाने वाली गाड़ी संख्या 07651 जालना-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 1 फरवरी 2023 तक तथा छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को प्रस्थान कर जालना जाने वाली गाड़ी संख्या 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 3 फरवरी 2023 तक चलती रहेगी।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व गाड़ी संख्या 07651 जालना-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि 28 दिसम्बर 2022 तक तथा गाड़ी संख्या 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि दिनांक 30 दिसंबर 2022 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया था।कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 10 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 23 कोच रहेंगे।



## श्रीमद्भागवत जी का पंचम दिवस, आध्यात्म की गंगा प्रवाहित हो रही

गोटेगांव, यशभारत। नगर के मध्य पथरहां कुआं स्थित विवेकानन्द चौक पर समस्त नामदेव परिवार कूंडा कला वालों की तरफ से हो रही श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के चलते आज पंचम दिवस पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त ख्ता व्यास श्रद्धेय श्याम सुंदर जी महाराज बृजवासी श्रीधाम वृंदावन वालों के श्री मुख से कथा श्रवण करने आये भक्तों को महाराज जी ने बड़े ही मार्मिक और रोचक ढंग और मधुर वाणी से भगवान यशोदानन्दन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन



पूजन के साथ छप्पन भोग का रसपान कराया।स्मरण हो कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने बाहर से भक्त वृन्द पधार रहे हैं।और कथा व्यास जी सहज भाव से श्रीमद्भागवत जी का रसपान करा रहे हैं।यह कथा 29 दिसम्बर तक चलेगी इसी दिन भंडारा और महाप्रसाद का भक्तों को वितरण किया जाएगा।समस्त नामदेव परिवार कूंडा कला वालों ने नगर और बाहर से आये भक्तों को इस ज्ञान यज्ञ का अधिक से अधिक संख्या में रसपान कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# रेलवे पहले नौकरी दे फिर ट्रेन चलाने की बात करे

### किसान नेता की चेतावनी रेल लाइन में लेटने को होंगे मजबूर

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन रीवा सीधी सिंगरौली नई रेल लाईन एवं सतना पन्ना नई रेल एवं सतना रीवा रेल लाइन के बिरहुली सकरिया गांव के प्रभावित किसानों ने बैठक की उसमे किसना नेता दीपू सिंह ने कहा की ऐसी स्थिति आ गई है कि हम सभी किसान आत्मदाह करने के लिए मजबूर हो गए है बैठक में किसान नेता दीपू सिंह ने कहा की रेलवे पहले नौकरी दे फिर ट्रेन चलाने की बात करें अगर जल्द से जल्द निर्णय नहीं हुआ तो अब हम ट्रैक में लेटने के लिए मजबूर होंगे और रेलवे को अपनी जमीन में काम नहीं करने देंगे चाहे हमारी जान चली जाए रेलवे हमारे साथ दोहरी नीति कर रहा है और अपने खुद का आदेश को मान नहीं रहा है यह निर्णय सही नहीं है काम नहीं करने देंगे अब हम सभी लाइन की प्रभावित किसान एकजुट होकर अपना कानून के तहत नौकरी लेकर रहेंगे इस संबंध में सतना रीवा सीधी सांसद और राज्यसभा सांसद ने शीतकालीन सत्र में लोकसभा में किसानों के आश्रितों को रोजगार देने के लिए बात रखी है किसान नेता दीपू सिंह ने बताया कि पमरे महाप्रबंधक के सतना प्रवास में भी सतना स्टेशन में किसानों ने स्थिति से अवगत कराया था महाप्रबंधक द्वारा जल्द से जल्द भर्ती की प्रक्रिया चालू करने का आश्वासन दिया गया था हमारे निर्णय नहीं होता जल्द से जल्द तो हम सभी किसान ट्रेन के पटरी में लेटने या और उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे/

# नवजात शिशुओं को वितरित किए गर्म कपड़े




**पाटन, यशभारत।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के 98वे जन्म दिवस के अवसर पर आशा जन सेवा समिति के सदस्यों द्वारा शासकीय अस्पताल पाटन में नवजात शिशुओं को गर्म कपड़ों का वितरण साथ ही अन्य मरीजों को ठंड से बचाव हेतु कंबल का वितरण किया गया इस अवसर पर समिति के संचालक विनय असाटी के साथ आदित्य नामदेव ममलेश नेमा बंटी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे साथ ही मरीजों की सेवा में तत्पर जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस के चालकों को भी कंबल का वितरण किया गया।

## यह छात्रावास ही नहीं है वरन् एक गुरुकुल है- प्रहलाद पटैल



शा.आदर्श विज्ञान महाविद्यालय छात्रावासी समारोह



**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, छात्रावासी गुरुकुल का 69 वाँ पारिवारिक मिलन समारोह शगुन रिसोर्ट, भेड़ाघाट में आयोजित किया गया, जिसमें सन् 1953 के बैच से लेकर वर्तमान तक के 8 सौ छात्रावासी देश - विदेश से सपरिवार सम्मिलित हुए।यह समारोह वरेण्य छात्रावासी, प्रह्लाद सिंह पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति, भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठतम छात्रावासी श्याम लाल जायसवाल (1953)एवं जी.पी.एस. पटेल(1954 बैच), की अध्यक्षता में तथा प्रो. बी. एस. सेंगर, धीर सिंह ,डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई , प्रमोद अग्रवाल, के विशिष्ट आतिथ्य, पी. के. जैन नरेंद्र जैन , रामेश्वर रावत , जालम सिंह (पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक), गजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह , राजेन्द्र सिंह राजपूत , साधू सिंह, रोहितास पाठक, मथुरेस जायसवाल , डॉ. आनंद सिंह राणा, देवी सिंह पटेल, राजकुमार सिंह ठाकुर के साथ समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ छात्रावासी बंधुओं के आत्मीय मिलन के साथ संपन्न हुआ।श्र प्रह्लाद पटेल ने छात्रावास के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह केवल छात्रावास ही नहीं है वरन् एक गुरुकुल है। इस 69 वें समारोह में सभी छात्रावासियों खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। इस अवसर पर 70 वें समारोह के आयोजन की जिम्मेदारी सन् 1982 के बैच द्वारा ली गई। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा एवं आभार विधायक जालम सिंह पटेल द्वारा किया गया।

## ज्ञान गंगा शिक्षण समूह मैंदो सप्ताह चलने वाले ज्ञान उत्सव का भव्य शुभारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** ज्ञान गंगा शिक्षण समूह जिसमें इंजीनियरिंग MBA, MCA. फार्मेसी BSC बीकॉम BCA, BBA होटल मैनेजमेंट एवं BA के विद्यार्थी अध्ययनरत है इनका 2 सप्ताह चलने वाला वार्षिकोत्सव गत आयोजित हुआ । ज्ञान उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है जैसे खेल उत्सव प्रतिभा उत्सव फैशन उत्सव हास्य उत्सव टैक्नो उत्सव फैशन उत्सव सैलेन उत्सव एवं लक्ष्य उत्सव इनमें विद्यार्थी अपना हुनरप्रस्तुत करेंगे। प्रातः ग्यारह बजे खेलो उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्यातिथि अर्जुन व विक्रम पुरस्कार विजेता मधु यादव थी, विशिष्ट अतिथि याचिका शर्मा संजू लोधी समेत सिंह ठाकुर थे कार्यक्रम की शुरुआत NCC कैडेट्स व विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों की मार्च पास्टसे हुई। मुख्य अतिथि मधु यादव ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद अत्यंत आवश्यक है खेल कूद हमें अनुशासन में जीना सिखाते हैं खेल कूद वाले हमेशा अनुशासन में रहते हैं संस्था के प्रमुख इंजीनियर ष्ष्ट जैन सर ने कहा कि जीतने वाले को घमंड नहीं करना चाहिए और हारने वाले को निराश नहीं होना चाहिए। और निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। खेल उत्सव का शुभारंभ आसमान में गुब्बारे छोड़कर किया गया। खेल उत्सव में आगामी सप्ताह में क्रिकेट फुटबॉल लॉन्ग जम्प एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल टेबल टेनिस, कैरम, चैस इत्यादि का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में डॉक्टर रजनीत जैन श्री पंकज गोयल, श्री अपूर्व सिंगई, इंजीनियर विशेष जैन, डॉक्टर मनीष चौबे, डॉक्टर रविन्द्र क्षीर सागर डॉक्टर DVS Bhagavanulu, डॉक्टर कीर्ति विश्वकर्मा, समस्त विभागाध्यक्षों, शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अटल बिहारी बाजपेई जी, मेरे लिए राजनीति के प्रथम देवता हैं: पटेल



**गोटेगांव, यशभारत।** परंपरागत खेलों की चार दिवसीय प्रतियोगिताओं के प्रथम दिवस पर %कवि सम्मेलन% कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का पुण्य स्मरण करते हुए नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया )ने कहा कि मेरे जीवन में,卐अटल जी 卐राजनीति के प्रथम देवता रहे हैं। देश में भाईचारे एवं विकास की शुचितापूर्ण राजनीति के लिए, उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में आयोजित कवि सम्मेलन कार्यक्रम में पधारे कविजनों का अभिनंदन करते हुए श्री पटेल ने कहा कि व्यवस्था बदलने के लिए वह हमेशा युवाओं का आह्वान करते रहे हैं। हम केवल नेता बनकर देश एवं समाज का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के शुभारंभ दिवस पर 卐कवि सम्मेलन 卐का आयोजन सतत जारी रहे, ऐसा प्रयास हम सभी को करना चाहिए। आयोजन के विराट स्वरूप के लिए उन्होंने गोटेगांव के नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से संभव हो पाया हैसहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के द्वारा स्टेडियम ग्राउंड परिसर में किसान मेला का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें कृषि विभाग नरसिंहपुर द्वारा जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर आयुष विभाग नरसिंहपुर द्वारा स्वदेशी दवा उत्पादों की आर्युवेदिक प्रदर्शनी के साथ रोग निदान शिविर का आयोजन भी किया गया। प्रदर्शनी स्थल पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसानों ने उपस्थित होकर जैविक खेती के महत्व को समझा। आगंतुक कृषकों का आभार एवं अभिनंदन कृषक मेला प्रभारी किशन पटेल( नगर मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा) एवं सतीश पटेल( ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा )द्वारा किया गया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगर पालिका गोटेगांव में स्वच्छता जागरूकता हेतु युवा समाजसेवी श्री मणिनागेंद्र सिंह पटेल को ब्रांड एंबेसडरमनोनीत किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 -23 हेतु नगर को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के अभियान अंतर्गत मोनू भैया के सुझाव पर आयोजन स्थल में नगर पालिका गोटेगांव द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में कचरा निष्पादन के उपायों को बतलाते हुए नागरिकों से अभियान में सहभागी बनने का निवेदन किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रद्धा पंकज चौकसे सहित उपस्थित पार्षदों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

## जो देश के गद्दार जिनको नहीं है प्यार वह मेरा देश छोड़ दें-हासमी फिरोजावादी

**रहली,यशभारत।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर उनके ही नाम अटल सेतु के लोकार्पण के साथ विभिन्न भूमि पूजन का यह तीन दिवसीय कार्यक्रम मैं आज अंतिम दिन फिल्मी कलाकार साहित्यकार और धार्मिक समसामयिक विषयों पर विचार रखने वाले आशुतोष राणा शामिल होंगी सोमवार को दूसरे दिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कवियों की गोष्ठी भी अटल सेतु पर लगाई गई च्जय हो जनता की जय हो हिंदुस्तान की च्62 वर्षीय कवि अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी युवाओं की तरह उछलकर कवि सम्मेलन को बांधना शुरू किया हास्य रस को विभिन्न विधाओं से सुनाया शास्त्रीय संगीत और हास्य काव्य का पाठ श्रोताओं ने खूब आनंद लिया राजनेताओं के साथ कम उम्र की महिलाओं के साथ चुटकी लेते हुए साहित्य प्रेमियों की बार-बार पसंद और तालियां की बरसात में स्नान करते रहे, हाशमी फिरोजाबादी हिंदी और उर्दू का मिलाजुला रूप देकर कहा कि मैं हिंदुस्तानी भाषा का कवि हूं इंसानियत की शायरी और अपने तेज अंदाज से कभी सदन में सन्नाटा तो कभी तालियों की गड़गड़ाहट से रहली को जागृत किया च्जो देश के गद्दार जिनको नहीं है प्यार वह मेरा देश छोड़ देंज्ज दुर्घटना में पैर चोटिल होने के बाद भी फिरोजाबाद से रहली कवि सम्मेलन में आकर साहित्य प्रेमियों की दुआएं लेकर गए, कवि इलाहाबादी ने मानव कल्याण के लिए राम के बन जाने को लेकर कैकई के बचन, केवट और साबरी की व्याख्या के साथ स्वर्ण नगरी को छोड़ने की मनमोहक प्रस्तुति दी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की गोद में खेलने वाले कवि वेदव्रत वाजपेयी च्ओजज लखनऊ, देश भक्ति काव्य का पाठ हिंदी की व्याकरण के साथ चीन और पाकिस्तान को सबक सिखाने वाली कविताएं पढ़ी और सुनाया की मीठी मीठी बातों के चलते देश में फूट पड़ गई नया पाकिस्तान बन गया नरेंद्र मोदी को काबिल प्रधानमंत्री वाली भी कुछ कविताएं सुनाए श्रृंगार रस की कवित्री सुमित्रा सरल ले अपने आप को श्रोताओं को हवाले करते हुए श्रंगार रस की वर्षा की और देश में बेटियों को बचाने की मार्मिक कविताएं भी सुनाई इसके अलावा अमन अक्षर च्गीतकारज इंदौर, विकास बौखल च्हास्यज बारांवाकी, कवि वीरेन्द्र जैन चविद्रोहीज मंच संचालक, ललितपुर ईश्वरदयाल गोस्वामी, आमीन खान शाहपुर, तेज प्रताप चौबे मैं भी अपने साहित्य का पाठ किया मशहूर लोकगीत गायक जितू खरे के साथ बुंदेलखंड की प्रसिद्ध राई नृत्य को प्रस्तुति की जाएगी।मंच संचालक वीरेंद्र विद्रोही, ललितपुर विकी जैन गढ़ाकोटा ने किया ।





## उपाध्यक्ष कक्ष का अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**पनागर, यशभारत।** नगर पालिका परिषद कार्यालय पनागर में अध्यक्ष प्रदीप पटेल के द्वारा आज नगरपालिका उपाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन किया गया और इस अवसर पर उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती को माला पहना कर कुर्सी में बैठा कर मुंह मीठा कराकर बधाई दी इस अवसर पर अध्यक्ष ने बताया कि लगातार जन समस्याओं को सुनने और उनके निराकरण हेतु उपाध्यक्ष को यहां वहां बैठना पड़ता था जिस कारण उपाध्यक्ष द्वारा लगातार कक्ष की मांग की जा रही थी क्योंकि पूर्व परिषद के द्वारा उपाध्यक्ष कक्ष नहीं बनाया गया था इस कारण से कुछ विलंब से सही पर आज उपाध्यक्ष कक्ष तैयार हो गया है जिससे सभी पार्षदों में खुशी की लहर है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विमल जैन ,पार्षद तुलसीराम कुशवाहा,प्रमोद पटेल,मुकेश गोटिया,श्रीमती शीतल कुशवाहा, मुकेश बंशकार,शिव कुमारी बंशकार, रोहित यादव, संजय श्रीवास्तव, अंकित जैन, सीताराम कुशवाहा, मनकु कुशवाहा, अंचल चक्रवर्ती एवं इंजीनियर चंद्रा बेन, तथा सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अटल प्रतिभा सम्मान आयोजित



**जबलपुर, यशभारत।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर कैंट विधानसभा अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा पं. अटल बिहारी वाजपेयी मंडल द्वारा अटल प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कैंट विधानसभा के लोकप्रिय एवं लाडले विधायक श्री अशोक रोहाणी जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष स्वपनिल पांडेय के नेतृत्व में अटल प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया जिसमें संस्कारधानी जबलपुर की 51 सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज जी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री आशीष राव, जिला उपाध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी शुभम अरिहंत , नगर मंत्री अंकित फांसिस , विवेक सिंह , आर्यन मिश्रा , आकाश लिंगम, आदिती राजपूत, शुभम पटेल, रत्नेश दुबे, ऋषभ रजक, राहुल पिल्लै, गौरव रजक और भाजयुमो के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अनुराग ठाकुर ने तात्या टोपे नगर स्टेडियम में आयोजित छटवीं एलीट महिला बाक्सिंग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# खेलो इंडिया गेम्स की तैयारियां जोरदार, मप्र राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की प्राथमिकता में पहले नम्बर पर

## सीएम शिवराज बोले- ओलंपिक और एशियन गेम्स में पदक लाने वाले खिलाड़ी को डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर बनाएंगे

**भोपाल।** केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने राजधानी में आयोजित शिखर खेल अलंकरण व खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के प्रतीक चिन्ह का अनावरण समारोह में भाग लिया। उन्होंने यूथ गेम्स की तैयारियों को देखा और बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा कि जिस तरह की तैयारी मप्र ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में की है, उस आधार पर वह राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का दावेदार है। यदि मप्र ओलिंपिक संघ दावेदारी करेगा तो प्राथमिकता में वह पहले नम्बर पर है। सोमवार को अनुराग ठाकुर ने तात्या टोपे नगर स्टेडियम में आयोजित छठवीं एलीट महिला बाक्सिंग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया।इसके बाद उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) सेंटर का दौरा किया और यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से चर्चा की। इसके बाद मप्र राज्य शूटिंग अकादमी और राज्य शूटिंग अकादमी का निरीक्षण किया। उन्होंने मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के बारे में कहा कि यह देश की सबसे समृद्ध शूटिंग रेंज है। इसमें वर्ल्ड क्लास की स्पर्धाएं आसानी से आयोजित की जा सकती हैं। इसी तरह घुड़सवारी अकादमी शानदार है। जिस तरह से इन दोनों अकादमियों को संचालित किया जा रहा है, यह देश के लिए मिसाल है। मप्र में प्रभावी खेल नीतियों से खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार व खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य हो रहे हैं।

### शाम को प्रदेश के खिलाड़ी हुए सम्मानित

शाम को राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित शिखर खेल अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने मप्र की खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की मौजूदगी में आयोजित शिखर खेल अलंकराण समारोह में 28 खिलाड़ी व प्रशिक्षकों को सम्मानित किया।

### देश में 1000 खेलों इंडिया सेंटर खोले जाएंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में एक हजार खेलो इंडिया सेंटर स्थापित कर रहा है। यह अगस्त 2023 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। अगले माह मप्र में सात हजार खिलाड़ियों सहित कुल 10 हजार मेहमान आ रहे हे। यह यादगार



आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाहै। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ओलंपिक और एशियन गेम्स में पदक लाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर के पद पर भी नियुक्त किया जाएगा।

### 10 खिलाड़ियों को एसआई, 50 को आरक्षक बनाएंगे

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमने खेल क्रांति लाने की कोशिश की है। सभी बेटे बेटियों को विश्वास दिलाता हूं कि खेल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 खिलाड़ियों को सब-इंस्पेक्टर, 50 खिलाड़ियों को आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। मध्यप्रदेश में हमने खेलक्रांति लाने की कोशिश की है। खेल जिंदगी का अहम अंग है। खेलते हुए बच्चों के चेहरे की खुशी देखकर मैं आश्चर्यचकित रह जाता हूं। उनकी प्रसन्नता अद्भुत होती है।

### एमपी में मार्च में शूटिंग वर्ल्ड कप का आयोजन होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2022 के लिए मध्यप्रदेश में अपना विश्वास दिखाने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार प्रकट करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आयोजन में कोई कसर नहीं रखेंगे। मध्यप्रदेश में मार्च माह से शूटिंग वर्ल्ड कप का आयोजन होगा, जिसमें दुनियाभर के शूटर्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने आयेंगे। हमारा मध्यप्रदेश बदल रहा है और लगातार आगे बढ़ रहा है। देशभर से आने वाले हजारों खिलाड़ियों को हम जान से भी ज्यादा संभालकर रखेंगे। उन्हें कोई कष्ट नहीं होंगे देंगे।

### बरखेड़ा नाथू में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बन रहा

मध्यप्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में अभी हम संतुष्ट नहीं हैं। भोपाल के बरखेड़ा नाथू में एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण कर रहे हैं। खेल अधोसरंचना के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मध्यप्रदेश के जो खिलाड़ी या टीम बेहतर प्रदर्शन करके पदक जीतेगी, अगली अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में कोचिंग के लिए उन खिलाड़ियों को 5 लाख रुपए साल में भी दिया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के हमारे खिलाड़ी विवेक सागर को डीएसपी पद पर नियुक्ति दी और उन्हें भोपाल में मकान भी उपहार स्वरूप प्रदान किया है।

# 100वें टेस्ट में वॉर्नर का शतक, हासिल की खास उपलब्धि, अब तक कोई भारतीय नहीं कर पाया यह काम

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट में कंगारू बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने खास उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने अपने 100वें टेस्ट में शतक लगाया है। वह ऐसा करने वाले 10वें बल्लेबाज हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ऐसा किया है। वॉर्नर से पहले रिकी पोंटिंग ने यह काम किया था। वॉर्नर के शतक के चलते सीरीज के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई है और भारत के लिए यह सुखद खबर है। अगर दक्षिण अफ्रीका यह मैच हार जाती है तो भारत के लिए टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की राह आसान हो जाएगी। डेविड वॉर्नर ने लगभग तीन साल बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाया है। वह लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे और उन्हें टीम से बाहर करने की बातें भी हो रही थीं। अब वॉर्नर ने अपने बल्ले से सभी का मुंह बंद कर दिया है। मेलबर्न की मुश्किल पिच पर उन्होंने अपनी टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाया है और टेस्ट क्रिकेट में अपने 8000 रन भी पूरे कर लिए हैं।



### वॉर्नर से पहले 100वें टेस्ट में ये बल्लेबाज लगा चुके हैं शतक

अब तक 73 क्रिकेटरों ने कम से कम 100 टेस्ट मैच खेले हैं, लेकिन सिर्फ दस खिलाड़ियों ने अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने की उपलब्धि हासिल की है। इंग्लैंड के कॉलिन कॉड्रे अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी थे। वह किसी भी देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी थे। उनके बाद पाकिस्तान के जावेद मियांदाद ने यह उपलब्धि हासिल की। मियांदाद ने अपने पहले टेस्ट में भी शतक लगाया था और पहले बल्लेबाज थे जिन्होंने अपने पहले और 100वें टेस्ट में शतक लगाया। वेस्टइंडीज के गॉर्डन ग्रीनिज ने भी यह उपलब्धि हासिल की। ग्रीनिज ने अपने 100वें वनडे में भी शतकीय पारी खेली थी। वह एकमात्र खिलाड़ी थे, जिन्होंने अपने 100वें वनडे और 100वें टेस्ट मैच में शतक लगाया था। अब डेविड वॉर्नर ने भी यह उपलब्धि हासिल कर ली है। वॉर्नर ने अपने 100वें वनडे में भारत के खिलाफ 2017 में शतक लगाया था। इंग्लैंड के जो रूट 100वें मैच में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने 100वें टेस्ट में 218 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई रिकी पोंटिंग अपने 100वें टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। पोंटिंग ने 2006 में सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 120 और 143 रन बनाए थे। अब डेविड वॉर्नर ने भी अपने 100वें टेस्ट में शतक लगाया है। उनके पास भी दूसरी पारी में शतक लगाकर पोंटिंग की बराबरी करने का मौका रहेगा। हालांकि, इसके लिए दक्षिण अफ्रीका को भी दूसरी पारी में रन बनाने होंगे। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के एक से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपने 100वें टेस्ट में शतक लगाया है। इंग्लैंड के तीन बल्लेबाज ऐसा कर चुके हैं। अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ है, जब किसी बल्लेबाज ने अपने 100वें टेस्ट में शतक लगाया हो और उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो।

# भीड़ ने नहीं दिया चप्पल पहनने का मौका बिहार के बेतिया में नंगे पांव भागी अक्षरा सिंह

**बेतिया, एजेंसी।** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस खाली पैर स्कूटी से भागती नजर आ रही हैं। वहीं वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि भीड़ अक्षरा के पीछे पड़ी है। यह वीडियो बेतिया का बताया जा रहा है, जहां अक्षरा सिंह एक रोड शो करने पहुंची थी। एक्ट्रेस भीड़ के डर से इस कदर परेशान हैं कि उन्हें चप्पल पहनने का मौका भी नहीं मिला। वायरल हो रहे वीडियो में अक्षरा स्कूटी पर खाली पैर बैठी अपना चेहरा छिपाकर भागती नजर आई। आइये आपको बताते हैं कि आखिर क्या है इस पूरे वीडियो की सच्चाई। दरअसल अक्षरा सिंह बिहार के बेतिया में नगर निगम प्रत्याशी गरिमा सिकारिया की तरफ से रोड शो कर रही थी। इस दौरान उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को बेकाबू होता देख अक्षरा सिंह ने वहां से नौ दो ग्यारह होना सही समझा। हालांकि वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि स्कूटी से भागने के बावजूद भीड़ उनका पीछा कर रही है। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। एक्ट्रेस को अपने गढ़ में देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एकाएक रैली में बड़ी संख्या में लोग इक्ट्ठा हो गए। सभी एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे में अक्षरा को वहां सुरक्षित महसुस नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत भागना ही सही समझा। अक्षरा को स्कूटी पर बिठाकर भगाने वाला शख्स कोई और नहीं बल्कि नगर निगम प्रत्याशी गरिमा सिकारिया के पति रोहित सिकारिया हैं।

# जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी फाइनल में

**जबलपुर, यशभारत।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, वर्धमान स्पोर्ट्स, सिमराज स्पोर्ट्स और गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में गोलबाजार क्रिकेट मैदान पर खेली जा रही - 16 गोलबाजार कप 2022-23 क्रिकेट प्रतियोगिता में जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी फाइनल में पहुंच गई है। मैच में एमएच क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.2ओवरों सभी विकेट खोकर 124 रन बनाए जिसमें वैदिक तिवारी 29, वेदांत चौकसे 26, सैय्यद सुमाइल 18 रन का योगदान दिया जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी ने गेदबाजी में आयुष सिंह 3, आलोक साहू 2, निखिल, पार्थ, अभिषेक ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी में जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी 23.1 ओवर में 126 रन बनाए जिसमें देवाशीष 47, पार्थ 31रन बनाए एमएच क्रिकेट एकेडमी की ओर से यशराज बहेरा, हर्षित शिल्पकार 2- 2 विकेट लिए, सैय्यद सुमाहैल, सम्राट भामरा, वैदिक, 1- 1विकेट लिए यह मैच जहांगीराबाद क्रिकेट एकेडमी ने 2 विकेट से मैच जीता, मैच में निर्णायक की भूमिका में अंकित यादव, रूद्राक्ष सोनी और स्कोरर प्रगुण पांडे, अभय केसरवानी रहे, मैच के मुख्य अतिथि पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाडी अरशद खान जी के द्वारा मैन ऑफ द मैच पार्थ को दिया मैच में किशोर बेन, संजय मिश्रा, अंकित यादव जी, अजय चौबे, आकाश पटेल, नीरज खंडेलवाल, अंकित मिश्रा जी उपस्थित रहे।

# अनुष्का ने झूलन के साथ काटा केक, चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न





**मुंबई, एजेंसी।** अनुष्का शर्मा बीते काफी वक्त से अपनी फिल्म चकदा एक्सप्रेस पर काम कर रही थी, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिल्म महिला भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी पर आधारित है, जिसमें अनुष्का शर्मा झूलन के किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा के बैनर क्लीन स्लेट के तले तैयार की गई है और फिल्म का निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है। यह फिल्म अगले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद उन्होंने जश्न मनाया। उस दौरान अनुष्का के साथ कर्णेश, प्रोसित और झूलन मौजूद थे। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद अभिनेत्री ने जश्न मनाते हुए इसकी तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा कीं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा, चकदा एक्सप्रेस खत्म हो गया है। शूटिंग खत्म करने और फाइनल क्लैप के लिए @JhulanGoswami को धन्यवाद! अभिनेत्री ने आखिरी दिन की शूटिंग एक स्टेडियम में पूरी की। इस दौरान फिल्म के कलाकार और टीम के लोग मौजूद थे। अनुष्का द्वारा साझा की गई पहली तस्वीर में झूलन×प्रोसित केक काटते हुए नजर आए। यह केक इस खास मौके के लिए तैयार करवाया गया था। इसमें फिल्म का नाम, झूलन का जर्सी नंबर लिखा हुआ था। फिल्म सात शेड्यूल में पूरी की गई। इसके अलावा छह अलग-अलग शहरों में 65 दिन में शूट किया गया।

### झूलन के जीवन पर आधारित फिल्म

चकदा एक्सप्रेस, झूलन गोस्वामी पर आधारित फिल्म है। झूलन गोस्वामी भारतीय क्रिकेट टीम की बेहतरीन गेंदबाज थीं। अब वह क्रिकेट से संन्यास ले चुकी हैं। साल 2022 की शुरुआत में झूलन के जीवन पर बायोपिक बनाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद अनुष्का ने फिल्म को बेहद खास बताया था। उन्होंने कहा था कि यह महिला क्रिकेट की दुनिया की आंखें खोलने वाली फिल्म होगी।

### फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर फैंस ने दी बधाई

इन तस्वीरों में अनुष्का शर्मा टीम इंडिया की जर्सी में नजर आई। साथ ही, वह निर्देशक प्रोसित को गले लगाते हुए दिखाई दीं। केक कटिंग के दौरान पूरी टीम उनके पीछे खड़े होकर तालियां बजाती रही। एक तस्वीर में अनुष्का के हाथों में क्लैपबोर्ड नजर आया, जिस पर लिखा था इट्स ए रैप। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर फैंस ने अनुष्का को बधाई दी। फैंस ने तस्वीर पर कमेंट करते हुए लिखा कि आपको स्क्रीन पर देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा कि आपकी मुस्कान झूलन जैसी है। इसी तरह कई फैंस ने कमेंट कर बधाई दी और फिल्म को लेकर उत्सुकता जताई।

# सुशांत की बहन ने लगाई CBI जांच की गुहार, कूपर हॉस्पिटल के कर्मचारी के लिए मांगी सुरक्षा



**मुंबई, ईएमएस।** बीते दिन बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का केस एक बार फिर गरमा गया है। दरअसल, पिछले दिन कूपर हॉस्पिटल के मोर्चरी सर्वेंट रूपकुमार शाह के द्वारा किए गए एक दावे ने सबको हिला कर रख दिया है। रूपकुमार ने दावा किया था कि सुशांत सिंह राजपूत ने सुसाइड नहीं किया था, बल्कि उनकी हत्या हुई....। उनके इतना कहते ही हर तरफ सनसनी मच गई है और दोबारा सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। जहां एक तरफ सोशल मीडिया पर फिर से एक सुशांत सिंह राजपूत ट्रेंड कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अभिनेता की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने भी रूप कुमार की इस बात पर अपना रिएक्शन दिया है।

साल 2020 में अपने फ्लैट में मृत पाए गए अभिनेता की बहन श्वेता सिंह कीर्ति अपने भाई को इंसाफ दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। इस लड़ाई में श्वेता को रूपकुमार के द्वारा किए इस दावे में एक उम्मीद की किरण दिखी है। ऐसे में श्वेता ने सोशल मीडिया पर अपने भाई सुशांत सिंह राजपूत के केस में इतना बड़ा खुलासा करने वाले रूपकुमार शाह के लिए सुरक्षा की मांग की है। अभिनेता की बहन ने अपने इस ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को भी टैग किया है।

श्वेता ने ट्वीट कर कूपर हॉस्पिटल के मोर्चरी सर्वेंट की सुरक्षा की मांग करते हुए लिखा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि रूप कुमार शाह की सुरक्षा सुनिश्चित हो। इतना ही नहीं एक अन्य ट्वीट में श्वेता ने सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने लिखा, अगर इस एविडेंस में एक परसेंट भी सच्चाई है तो हम सीबीआई से आग्रह करते हैं कि वह इस मामले को गंभीरता से देखे। हमें हमेशा से विश्वास रहा है कि आप इस मामले की निष्पक्ष जांच करेंगे और सच क्या है बाहर लाएंगे। अभी तक इस केस में हमें क्लोजर नहीं मिला है और यह देखकर हमारे दिल में दर्द होता है।

आपको बता दें, बीते दिन कूपर हॉस्पिटल की मोर्चरी के सदस्य रूपकुमार शाह ने एएनआई से बातचीत के दौरान अभिनेता की मौत पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया, 14-15 जून को जब सुशांत सिंह राजपूत को पोस्टमार्टम के लिए कूपर हॉस्पिटल की मोर्चरी में लाया गया था, तो वह ड्यूटी पर थे। सुशांत की बॉडी पर बहुत सारे चोट के निशान थे, जिन्हें सीनियर्स ने नजरअंदाज कर दिया था। मैंने जब बॉडी देखी थी तभी समझ गया था कि यह हत्या है। सुशांत की गर्दन, हाथ और पैर पर अजीब निशान थे। गर्दन पर जो निशान था वह हैंगिंग का नहीं, बल्कि खींचे जाने और रगड़ का था, जैसे कोई तड़पता है।

# गोवा ने जीती अंतर विवि फुटबाल स्पर्धा

### रादुवि में पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबाल स्पर्धा का समापन

**जबलपुर,यशभारत।** पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता में गोवा विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कोटा विश्वविद्यालय ने द्वितीय, एलएनआइपी ग्वालियर ने तृतीय एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। रविवार को पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबाल पुरुष प्रतियोगिता का समापन शिवाजी ग्राउंड में हुआ। जहां विजयी टीमों को पुरस्कार दिया गया। स्पर्धा के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आल इंडिया फुटबाल फेडरेशन के सचिव डा. शाहजी प्रभाकर एवं विशिष्ट अतिथि डा. आलोक चंसोरिया , मप्र फुटबाल संघ के सचिव अमित रंजन देव सचिन मौजूद रहे। पुरस्कार वितरण कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रो.कपिल देव मिश्र, प्रोफेसर अलका नायक डीन एजुकेशन तथा नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज ने किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार कोटा विश्वविद्यालय के अंकित को दिया गया। वेस्ट फारवर्ड ब्रिटो गोवा विश्वविद्यालय को मिला। इसी तरह वेस्ट मिडफील्डर नील भूषण रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, बेस्ट स्ट्राइकर का पुरस्कार अर्जुन एलएनआइपी ग्वालियर को दिया गया। इसके प्रतियोगिता की विजयी टीम को ट्राफी दी गई। मंच संचालन डा. सुनील दत्त लखेरा द्वारा किया गया। आयोजन सचिव प्रोफेसर विशाल बन्ने संचालक द्वारा आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। प्रो.विशाल ने बताया कि स्पर्धा में जीत दर्ज करने वाली चारों टीम आल इंडिया इंटर जोनल यूनिवर्सिटी फुटबाल प्रतियोगिता में आठ जनवरी से कोटा में भाग लेंगी। संपूर्ण आयोजन व्यवस्था में हरीश दुबे, संजय कुमार,डा. रमेश शुक्ला, ओमकार दुबे, जुगल मेवाड़ी, हेमंत शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति रही।

# दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज





**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड द्वारा शिवाजी मैदान सदर जबलपुर में पहली बार तीन दिवसीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ. हुआजिसमें 20-20 तीन लीग मैचों में जबलपुर, होशंगाबाद और बैतूल की टीमों ने जीत का परचम लहराया। प्रोफेसर सुमन्ना जॉनसन(राज्य विज्ञान), राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष शिवशंकर कपूर, भारतीय विकलांग विकास मंच के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने टॉस करा कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। मध्य प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विक्रम अवॉर्डी ,सोनू गोलकर, ने बताया कि आज से मध्यप्रदेश में तीन दिवसीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता का आरंभ किया गया है इस प्रतियोगिता में जबलपुर, बैतूल होशंगाबाद, इंदौर ,देवास सहित प्रदेश की दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इस आयोजन के दौरान अगले माह आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन कर मध्य प्रदेश की टीम गठित की जाएगी। इस अवसर पर सुरेश चंद्र यादव, पूनम चंद्र मिश्रा, अमित नामदेव , अनिल परस्ते ,ओम प्रकाश, अजय अवस्थी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# हंगामा क्या बरपा! अपार्टमेंट में पुलिस ने पकड़े नामी परिवार के युवक

## मिली शराब की बोतलें, पड़ोसी थे संगीत से परेशान

**जबलपुर, यशभारत। नये साल की तारीख नजदीक आते ही पुलिस ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। नव वर्ष के नाम पर फूहड़ता न हो इसके लिए पुलिस ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में होने वाली शराब पार्टियों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत गोरखपुर पुलिस ने रात 3 बजे दबिश देते हुए रितिक आपर्टमेंट में पार्टी और हंगामा कर रहे एक दर्जन से ज्यादा युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से शराब की बोतलें जप्त की गई। पकड़े युवक नामी परिवार के बताए जा रहे हैं।**





नशे में चूर युवकों और पुलिस के बीच जमकर बहस भी हुई। पकड़े गए सभी आरोपी अच्छे परिवार से संबंध रखते हैं। पुलिस की दबिश के पहले पार्टी में मौजूद कुछ महिलाएं फरार हो गई। गोरखपुर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने धारा 34 और 36 के तहत कार्रवाई की। सीएसपी प्रतिक्षा राठौर ने बताया कि सूचना मिली कि रितिक अपार्टमेंट में रात 3 बजे शराब के नशे में धुत्त कुछ रईसजादे युवक पार्टी मना रहे हैं। सूचना पर दबिश दी गई तो एक दर्जन से अधिक युवक में शराब की बोतलें हाथ में लेकर नाच रहे थे। सभी युवकों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, कुछ युवक ऐसे थे बहस कर रहे थे।

### ये युवक हुए गिरफ्तार

नशे में पार्टी कर रहे राजेन्दर सिंह राजपूत पिता हरजेन्दर सिंह राजपूत उम्र 28 साल गोपाल सदन दमोहनाका, अशीम चंसोरिया साउथ सिविल लाईन, अनुज अवस्थी पिता एस. के अवस्थी शांति नगर, रोहित खरे पिता चंद्रेश कुमार खरे एकता बिहार मदन महल, राहुल खरे पिता चन्द्रेश खरे, शोभित आनन्द पिता हितेश आनन्द, असतकमार पिता वीरेन्द्र कुमार, अर्पित अग्रवाल पिता अजय अग्रवाल, प्राणत नागरथ पिता नमन नागरथ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# अरुणोदय पंचांग में रोचक संग्रह



**जबलपुर, यश भारत।** नगर के ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ. अखिलेश गुमास्ता का यश भारत कार्यालय में आगमन हुआ। इस दौरान संस्थापक आशीष शुक्ला ने उन्हें घर का पंडित अरुणोदय पंचांग भेंट किया। डॉ. गुमास्ता ने पंचांग का अवलोकन करते हुए कहा कि पंचांग में रोचक जानकारियां हैं और यह निरंतर ऊंचाईयों को छुएगा।

# बलवा कांड के 3 आरोपी भाईयों को पुलिस ने दबोचा

## चाकू मारकर फाड़ दिया था पेट, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर नगीना मस्जिद के पास हुए बलवे के बाद मुस्तैद पुलिस ने फरार तीन आरोपी भाईयों को घेराबंदी कर दबोच लिया है। तीनों ने बलवा करते हुए चाकू, कैंची से वार कर एक युवक का पेट फाड़ दिया था तो अनेक लोगों को घायल कर फरार हो गए थे। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि नगीना मस्जिद के पास जोवद अख्तर और उनके साथियों के साथ रंजिशन आरोपी गुलाम कादिर, गुलाम मुईनुद्दीन, गुलाम वारिस ने जमकर मारपीट करते हुए पहले तो चाकूबाजी कर अनेक लोगों को घायल कर, युवक के पेट में ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर जख्मी कर दिया था। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कर, बलवा, 307 का प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही थी। जिसके बाद मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों सगे भाई शहर से बाहर भागने की फिराक में है। जिन्हें समय रहते दबोच लिया गया। जिन्हें माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



# खोपड़ी कुचली, आंखें बाहर, दर्दनाक मौत

## विजन महल पार्किंग में सो रहे युवक के सिर से निकल गए पार्क वाहन

**जबलपुर, यशभारत।** गोरा बाजार थाना के तिलहरी स्थित होटल विजन महल की पार्किंग में एक युवक का कुचला हुआ शव देख राहगीरों के होश उड़ गए। युवक के लहूलुहान शव से आंखे बाहर निकल आईं थी। जिसने भी यह दृश्य देखा उनका कलेजा मुंह को आ गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है। थाना प्रभारी विजय परस्ते ने मामले की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह वीरु उर्फ वीरेन्द्र मरावी 35 साल निवासी नैनपुर, मंडला का शव मिला है। युवक यहां रात में शराब पीकर, पार्किंग के पास ही सो गया था।



### पार्क वाहनों ने कुचला

प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आए है कि पार्किंग में खड़े वाहनों की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक का सिर बुरी तरह जख्मी है।

### मोबाइल से किया ट्रेस

मृतक वीरेन्द्र मरावी की जेब से पुलिस को तलाशी के दौरान एक मोबाइल मिला है। जिसके आधार पर पुलिस ने परिजनों को फोन कर सूचित किया है। सूचना के बाद मृतक का भाई मंडला से जबलपुर के लिए निकल चुका है। पुलिस ने पूरा मामला जांच में लिया है।

# नकाबपोशों ने युवक को पीटा

## हाथ-पैर फ्रैक्चर, बाइक तोड़ी

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में बाइक सवार को रोककर तीन नकाबपोशों ने जमकर मारपीट कर दी और बाइक में धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दी। घटना में युवक के हाथ और पैर में चोटे आईं है। आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार अमित कुकरेजा 42 वर्ष निवासी सुहागी ने बताया कि मार्केट में मसाले बेचने का काम करता है। देर रात बाइक से अपने घर जा रहा था तभी सीओडी कालोनी मेन रोड में बाइक सवार तीन नकाबपोश युवक लड़के जो मुंह में गमछा बांधे हुये थे उसके सामने आकर उसकी गाड़ी रोककर गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो उसे बाइक सहित धक्का मारकर गिरा दिया और जमकर मारपीट करने लगे जिससे उसे हाथ पैर में चोटें आयीं मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गयी है।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी समस्याएं, दिया निराकरण का आश्वासन

**जबलपुर यश भारत।** आज मंगलवार की सुबह से ही एसपी ऑफिस कलेक्ट्रेट एवं नगर निगम जन सुनवाई के दौरान पहुंचे लोगों द्वारा अपनी अपनी समस्याओं पर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया गया जिसमें नगर निगम मैं कमिश्नर एसपी ऑफिस में पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्ट्रेट में कलेक्टर द्वारा लोगों की जटिल समस्याओं को सुनकर उनके आवेदन लिए गए और उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित करते हुए समस्या का समाधान करने का आश्वासन भी दिया गया उल्लेखनीय है कि मंगलवार के दिन तीनों जगह पर सुबह से ही नागरिक अपनी अपनी समस्या लेकर पहुंचते हैं जिनकी समस्याओं का समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

# नाबालिग का अपहरण कर शोहदा ले गया दिल्ली कर रहा था विवाह

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल थाना अंतर्गत 13 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर दिल्ली ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा लिया है। आरोपी ने प्रेम का झांसा देकर पहले तो किशोरी से मीठी-मीठी बातें की और फिर बरगलाकर उसे भगा ले गया। यहां, बालिका के गायब होने के बाद परिजनों ने किशोरी की सहेलियों, रिश्तेदारों और आसपास पता किया। लेकिन जब कहीं सुराग नहीं मिला तो थकहार कर, थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र से एक तेरह वर्षीय बच्ची लापता हो गयी थी। परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर, मामले की बारीकी से पड़ताल की जा रही थी। जांच के दौरान पता चला कि बालिका को घर से आते-जाते हुए गगन कोरी छेड़ता था और शादी कर लेने का दबाव बना रहा था।

### पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपी ने कहा- विवाह की हो गई थी तैयारी

पुलिस ने बताया कि आरोपी की जब पतासाजी की गई तो ज्ञात हुआ कि आरोपी भी घर से गायब है। जिसके बाद परिजनों से पूछताछ की गई तो पता चला कि आरोपी बहलाकर नाबालिग को दिल्ली ले गया है और वहां विवाह करने की तैयारियां कर रहा है। पुलिस को पता चलते ही थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा के मार्गदर्शन में एसआई ऊषा विश्वकर्मा और उनकी टीम ने आरोपी को दिल्ली से बुलाकर अमखेरा तालाब के पास दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है।


JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→ तिली चिक्की → तिली लड्डू → तिली रेवड़ी → मूंगफली की लड़या → रोस्टेट नमकीन → वेक्ड टोस्ट → करेला चिप्स → बिस्केट → फुल्की → गजक → सिंधी पापड़ → चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान हमसे पाये समाधान
27 साल के अनूभवी अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy | Emergency No 95758 01020 | www.shalby.org

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टोक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU. Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)